सत्यमेव जयते

# सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 19 फाल्गुन, 1942 (श०) / 10 मार्च, 2021 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 261

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 109 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 40 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 16 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 56 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 27 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 01 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 11 |
| (8) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 261 |

जीर्णोद्धार कराना

'क'-*778. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड-गोपतपुर दक्षिणी में समौती नदी से निकली आहर/पईन धोबी घाट से आगे सरेह तक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर/पईन का जीर्णोद्धार जल-जीवन हरियाली योजना के तहत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला का निर्माण

'ख'-*780. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत जमालउद्दीन चक के 3000 आबादी वाला गाँव नवरतनपुर से चक्रदाहा मोड़ (इमली का पेड़) तक 2 किलो मीटर नाला नहीं होने से जहाँ-तहाँ निजी खेतों में सालों भर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, जबकि माह नवम्बर, 2019 में नाला का निर्माण हेतु मापी भी करायी गयी थी, परन्तु नाला निर्माण की दिशा में अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम में जल-जमाव से मुक्ति दिलाने हेतु नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1487. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत पूर्णियाँ विधान सभा क्षेत्र के महाराजपुर पंचायत में दोनों तरफ से निर्मित सड़क के बीच बांशबाड़ी घाट पर पुल नहीं है, जबकि उक्त सड़क दो विधान सभा क्षेत्र तथा पूर्णियाँ पूर्व प्रखंड एवं डगरूआ प्रखंड को जोड़ती है, परन्तु पुल के अभाव में उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार महाराजपुर पंचायत में दोनों तरफ से निर्मित सड़क के बीच बांशबाड़ी घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

फ्लाई ओभर का निर्माण

*1488. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज नगर परिषद् के सुभाष चौक पर अत्यधिक गाड़ी के परिचालन से प्रत्येक दिन जाम की समस्या से नगरवासी को जूझना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार फारबिसगंज शहर को जाममुक्त बनाने के लिये उक्त स्थान पर फ्लाई ओवर का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--मुख्य पुल अभियंता, उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे को GAD (General Arrangement Drawing) अनुमोदन हेतु प्रस्ताव 22 जनवरी, 2021 को समर्पित है । GAD अनुमोदन के उपरान्त DPR तैयार की जायेगी । तदोपरान्त स्वीकृत्यादेश की कार्रवाई की जायेगी ।

---

नोट--'क'-दिनांक 3 मार्च, 2021 को सदन द्वारा लघु जल संसाधन विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्थानांतरित ।

नोट--'ख'-दिनांक 3 मार्च, 2021 को सदन द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित ।

सड़क का चौड़ीकरण

*1489. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत बाजी दोनमा पंचायत के बाजी चौक से लोहरगामा, कटेसर घाट होते हुये पातेपुर विधान सभा क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क, सिंगल रहने के कारण आये दिन जगह-जगह जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बाँध पर सड़क का निर्माण

*1490. श्री शंम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड में आरा कोईलवर तटबंध के नियाजीपुर डाला से केशोपुर मानीकपुर होते हुये वरिसवन के सामने तक 11 किलो मीटर बाँध पर सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण उक्त क्षेत्र के ग्राम-हाटा, राजपुर, नियाजीपुर तिलक राय के डेरा, लाल सिंह के डेरा, केशोमानीकपुर, बड़का राजपुर, छोडका राजपुर की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बाँध पर सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

'च'-*1491. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखंड में माधवपुर ग्राम वार्ड नम्बर 4 में स्थित बजरंगबली स्थान से परमानंद चौधरी के घर तक 1 किलो मीटर की सड़क जर्जर रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नदी का चौड़ीकरण करना

*1492. श्री रामप्रवेश राय(क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज प्रखंड के हीरा पाकड़ गाँव में नारायणी नदी से गंडकी नदी निकलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के मुहाने को प्रशासन द्वारा मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी के अस्तित्व को बचाने हेतु बंद मुहाने को खोलकर नदी का चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'च'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 1374, दिनांक 4 मार्च, 2021 द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित ।

पुल का निर्माण

*1493. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंसूरचक प्रखंड के भीखमचक एवं मंसूरचक बाजार के बीच बलान नदी में पुल नहीं रहने के कारण प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में आमलोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल के निर्माण हेतु एम0 एम0 जी0 एस0 वाई0 (विश्व बैंक) योजना के अन्तर्गत नव अभिनव तकनीक से प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है। तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---

सड़क का निर्माण

'छ'-*1494. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरारू प्रखंड के गुड़रू पंचायत के बगड़ीहा गाँव में मुन्ना सिंह, पिता-स्व0 डोमन सिंह के घर से धर्मेन्द्र पासवान के घर होते हुए सरकारी पानी टंकी तक की सड़क का निर्माण आजतक नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1495. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत सदर प्रखंड के रामाबांध, वार्ड नं0 04 में रामाबाध से महर्षि में ही आश्रम, महादलित टोला, मलूकी बिगहा तक एवं पोखराहा ग्राम पंचायत के गुलजार बिगहा गाँव से ठेगवा-जैन बिगहा सिमरा नहर तक की पथ जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1496. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के सरौनी मधेपुरा पंचायत के झितकिया पुल से भेलवापट्टी, झिटकिया, अगरैल होते हुए महुआ बाजार तक की सड़क विगत चार वर्षों से जर्जर है जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति, 2018 अन्तर्गत झिटकिया से महुआ तक पथ के नाम से स्वीकृति उपरांत निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है। तदोपरांत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---

नोट-'छ'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 1389, दिनांक 04 मार्च, 2021 द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानान्तरित ।

सड़क का निर्माण

*1497. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के खेवली पंचायत के सुक्सेना डेरा गाँव आजतक पक्की सड़क से नहीं जुड़ा है जिसके कारण ग्रामीण आबादी को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुक्सेना डेरा ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

वासभूमि उपलब्ध कराना

*1498. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के मैनाटांड प्रखंड के प्रधानमंत्री आवास लाभुकों की सूची में दर्ज 69 परिवारों को इसलिए आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है कि वे गैरमजरूआ मालिक/आम/रेलवे आदि जमीन पर वास करते हैं जबकि उक्त संदर्भ में मैनाटांड प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पत्रंक 54, दिनांक 11 नवम्बर, 2017, 1455, दिनांक 07 दिसम्बर, 2017, 780, दिनांक 10 अगस्त, 2018, 1300, दिनांक 10 अगस्त, 2019, 2019, दिनांक 20 नवम्बर, 2019, 770, दिनांक 23 मार्च, 2020 एवं 1804, दिनांक 21 दिसम्बर, 2020 के द्वारा अंचलाधिकारी को पत्र लिख कर जमीन उपलब्ध कराने हेतु प्रखंड स्तर से कार्रवाई की गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त परिवारों के लिए वासभूमि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निरीक्षण भवन का निर्माण कराना

*1499. श्रीमती रश्मि वर्मा (क्षेत्र संख्या-3 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय में निरीक्षण भवन नहीं रहने के कारण विभागीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय निरीक्षण के क्रम में आवासन की व्यवस्था नहीं रहने से उन्हें अनुमंडल मुख्यालय से 40 कि0 मी0 दूर बेतिया शहर में रात्रि विश्राम करना पड़ता है, जिससे समय एवं सरकारी गाड़ियों में लगने वाली डीजल से राजस्व की क्षति होती है एवं विभागीय निरीक्षण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अनुमंडल मुख्यालय में निरीक्षण भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*1500. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियां प्रखंडान्तर्गत एन० एच० 84 से ग्राम-कुड़ेसर तक की सड़क जर्जर स्थिति में है, जिसके कारण आमजनता को आने-जाने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का कबतक मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1501. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के गोराडीह प्रखंड अंतर्गत एन० एच० 80 बाइपास के सर्विस रोड से खुटाहा गाँव तक 400 मी० सड़क का निर्माण अभीतक नहीं होने से उक्त गाँव की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

एप्रोज सड़क का निर्माण

*1502. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अंतर्गत हसनपुरा प्रखंड के ग्राम सर्ईयां में दाहा नदी पर निर्मित पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार पुल के दोनों तरफ एप्रोज सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1503. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियां प्रखंड एवं बाबूबरही प्रखंड के सिम्रपा गाँवा के बीच सोनी नदी पर पुल नहीं है, जिसके कारण ग्रामीणों को 1.5 कि० मी० की दूरी के एवज में 8 कि० मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आर० सी० सी० पुल का निर्माण

*1504. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत बैसा प्रखंड में महानंदा नदी के शिल्ला घाट एवं असजा घाट पर पुल नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को 50 कि० मी० घूमकर पड़ोसी जिला किशनगंज एवं बंगाल जाना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त घाट पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाइपास सड़क का निर्माण

*1505. श्री समीर कुमार महासेठ (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी शहर के बीचों-बीच होकर मुख्य सड़क गुजरती है, जिसके कारण प्रत्येक दिन शहर में जाम लगता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी शहर के बाहर दोनों ओर से अलग-अलग बाइपास सड़क का निर्माण कराने हेतु प्रश्नकर्ता द्वारा पिछले पाँच वर्षों से लगातार विभाग से अनुरोध किया जा रहा है, परंतु उक्त दिशा में कोई कार्रवाई अभीतक नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मधुबनी शहर को जाममुक्त कराने हेतु दोनों तरफ बाइपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी शहर के बीचों-बीच होकर मुख्य सड़क गुजरती है, जिसमें जाम लगता है । जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु बाइपास पथ के रूप में पंडौल हाई स्कूल से पंडौल-कमलपुर रेलवे गुमटी होते हुये रामपट्टी एन० एच० 527ए तक तथा कनकपुर (एन० एच०-57) से जगतपुर (एन० एच०-577ए) को बाइपास पथ के रूप में चिह्नित किया गया है, जिसे सात निश्चय-2 के सुलभ-सम्पर्कता योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित है ।

--------

दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*1506. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के प्रखंड नुआँव अन्तर्गत जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत दुमदुमा ग्राम में पानी निकासी के लिये 48,71,000.00 रुपये की लागत से दिनांक 26 अक्टूबर, 2019 को निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ था, किन्तु योजना की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद आजतक निर्माण पूरा नहीं हुआ, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना की जाँच कर विलंब के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करते हुये योजना पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । लघु सिंचाई प्रमंडल, कैमूर, मोहनियाँ द्वारा जल-जीवन हरियाली अभियान अन्तर्गत नुआंव प्रखंड के दुमदुमा गाँव में दुमदुमा आहर पईन योजना का कार्य वित्तीय वर्ष 2019-20 में प्रारंभ कराया गया था । इस योजना में 650 मी० लंबाई में आहर, 4920 मी० लम्बाई में पईन, 13 अदद् आउटलेट एवं 2 अदद् पुलिया का कार्य कराने का प्रावधान था । वर्तमान में आहर, पईन तथा आउटलेट का पूरा कार्य एवं एक अदद् पुलिया का कार्य करा लिया गया है । अवशेष एक अदद् पुलिया का कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण करा लिया जायेगा । बरसात में अधिक पानी आ जाने के कारण आहर एवं पईन के कार्य में कहीं-कहीं त्रुटि आ गयी है, जिसका सुधार कराया जा रहा है ।

नहर का जीर्णोद्धार

*1507. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद, पटना मुख्य नहर से रानीतालाब लख से 100 मीटर दक्षिण से धाना परैव वितरणी का विगत 10 वर्ष पूर्व निर्माण किया गया था, जिसके वर्तमान समय में जर्जर होने से स्थानीय कृषकों को कृषि कार्य में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का जीर्णोद्धार कर स्थानीय कृषकों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाढ़ निरोधक कार्य करना

*1508. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में मांगरा टोला, बंगला टोला आदि गाँवों में पनार नदी पर बोल्डर पीचिंग आदि कटाव रोध कार्य नहीं होने के कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि नदी में विलीन हो जाती है एवं फसल बर्बाद होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर बोल्डर पीचिंग आदि बाढ़ निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

शेष कार्यों को पूर्ण कराना

*1509. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मानपुर प्रखंड के चिरैलाटाल योजना वर्ष 2012/13 में स्वीकृत हुयी थी, किन्तु अभीतक मात्र 60 प्रतिशत ही कार्य हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना में शेष कार्यों को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहर पर पुल का निर्माण

*1510. मो० आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखंड में 10 नं० पक्की सड़क से सोनापुर जाने वाली सड़क में नहर पर पुल नहीं होने के कारण छोटे या बड़े वाहनों का आवागमन नहीं हो रहा है, जबकि उक्त नहर के दोनों तरफ पक्की सड़क का निर्माण विगत 2 वर्ष पूर्व हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन पर चैनेज 100 मीटर पर आर०डी० 58 नहर एवं 2600 मीटर आर०डी० 102 नहर अवस्थित है, जो सिंचाई विभाग के स्वामित्व में है। उक्त दोनों स्थल पर पुल/पुलिया निर्माण हेतु टेक्नोफिजिबीलिटी रिपोर्ट की माँग संबंधित कार्यपालक अभियंता से की गयी है। सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त होने एवं टेक्नोफिजिबिलिटी रिपोर्ट की तक्नीकी समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना सम्भव हो सकेगा ।

R



सड़क का निर्माण

'ग'-*1511. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत अलौली विधान सभा क्षेत्र के लरही ग्राम से भाया गंगासागर होते हुये मछड़ा ग्राम तक सड़क नहीं रहने से ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण एवं पुल का निर्माण

*1512. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत राज्य उच्च पथ 104 (दिघवाड़ा-सेमरी) के अन्तर्गत पोखरेड़ा से सेमटी तक पथ का चौड़ीकरण कार्य नहीं हुआ है, साथ ही उक्त पथ तरैया प्रखण्ड के पचारौड़ बाजार के पास नदी में बड़ा पुल का निर्माण नहीं होने से जल-जमाव के कारण हजारों एकड़ की फसलें विगत 10 वर्षों से बर्बाद हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपर्युक्त स्थल पर सड़क का चौड़ीकरण एवं बड़ा पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2)वस्तुस्थिति यह है कि सारण जिला अन्तर्गत विषयांकित पथ दिघवारा-भेल्दी-अमनौर-तरैया-सेमरी बाँध (एस०एच० 104 का पथांश है। दिघवारा-सेमरी के पोखरैड़ा से सेमरी बाँध तक कुल लम्बाई 12.00 कि०मी० है तथा वर्तमान में चौड़ाई 3.75 मी० है एवं CMBD के तहत संधारित है । एस०एच० 104 पचरौड़ा बाजार के पास उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु प्रस्ताव है।

-------------

पईन की उड़ाही

*1513. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रमीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में जल-जीवन-हरियाली अभियान चला कर सभी सार्वजनिक पईन, पोखर, जलाशयों की खुदाई, उड़ाही एवं सौन्दर्यीकरण की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा प्रखंड अन्तर्गत अकबरपुर (अरपा पंचायत) एवं परवलपुर प्रखंड के हब्बीपुर गाँव (शिवनगर पंचायत) के बीच से 80/120 कड़ी चौड़ा पईन पुराने नजरिया नक्शा के अनुसार है एवं पईन मुहाने नदी की ब्रांच नोनाई नदी (बर्षाती) से जुड़ा है तथा कृषि भू-भाग से पानी निकास का माध्यम है, जो वर्तमान में गाद से भरा हुआ है एवं स्थानीय लोगों द्वारा कच्चा-पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुये उड़ाही कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नोट --'ग'-पथ निर्माण विभाग के ज्ञापांक 1260, दिनांक 27 फरवरी, 2021 द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग में स्थानान्तरित ।

पक्का घर बनाना

*1514. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सभी कच्चे घरों को पक्का बनाने की योजना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज के सरसी, पिपरदाहा पंचायत एवं दुल्हिन बजार प्रखंड के कोपा सिंधड़ा पंचायत में आज भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में कच्चे घर हैं जिसके चलते हजारों परिवारों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना के तहत कच्चे घरों को पक्का बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ध्वस्त पुल का नवनिर्माण

*1515. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत बेलसंड से छतौनी जाने वाली पथ में मारर घाट पास स्थित पुल विगत छः वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ शिवहर एवं सीतामढ़ी जिला को जोड़नेवाली महत्वपूर्ण पथ है, जिसमें उक्त पुल के ध्वस्त हो जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को 40 (चालीस) किलोमीटर की दूरी तय कर जिला एवं अनुमण्डल मुख्यालय आना-जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट का निर्माण

*1516. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराढ़ी प्रखंड के बेलवा पंचायत में लगभग 3 वर्ष से बाँध निर्माण कार्य संचालित है, किन्तु बाँध में स्लूईस गेट लगवाने हेतु अभीतक निविदा निकाला नहीं गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध में स्लूईस गेट लगाने हेतु निविदा निकालने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1517. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखण्ड के गेहलौर, सवेत्तर एवं जेटियन पंचायत के विभिन्न गाँवों में आवास सहायक द्वारा चयन में व्यापक पैमाने पर अनियमितता की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गेहलौर पंचायत के गनौखर, निवासी-सोनु कुमार, पिता-उदय सिंह, ग्राम-मोहनपुर के तरूण कुमार, पिता वृजनंदन सिंह, विनय सिंह, पिता-स्व० यमुना सिंह, ग्राम-मोहनपुर आदि को पक्का मकान होने के बावजूद भी इन्दिरा आवास दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में आवास चयन की जाँच करवाकर दोषी कर्मचारी/पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बतलाना

*1518. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गंडक नहर परियोजना, मढ़ौरा तथा सारण नहर प्रखण्डल, छपरा के अधीन मुख्य नहर का पुनर्निर्माण वर्ष 2015 से वर्ष 2017 तक लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहरों के पुनर्निर्माण में वितरणियों, उप-वितरणियों एवं जलवाहा, माईनर में आउटलेट का निर्माण नहीं कराने तथा मुख्य नहर एवं उप-वितरणियों का अधूरा निर्माण होने से क्षेत्र के किसानों के खेतों में नहर का पानी नहीं पहुँच पाता है, जबकि सरकार का नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई के लिये जल उपलब्ध कराने की योजना चल रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो तीन सौ करोड़ की राशि खर्च करने के बाद भी खेतों तक पानी नहीं पहुँचाने का क्या औचित्य है ?

-------------

सड़क का पक्कीकरण

*1519. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड अन्तर्गत भादा बड़ा नहर पुल से 2 किलोमीटर नहर बाँध भाया रामजी यादव के घर होते दामोवृति जाने वाली कच्ची सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कटाव निरोधी कार्य कराना

*1520. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड के विशुनपुर एकशी टोला, चकसिंगार-रामपुर सहित अन्य स्थानों पर कटाव निरोधी कार्य की सहमति पिछले वर्ष बाढ़ के समय ही तकनीकी सलाहकार समिति, जल संसाधन विभाग तथा नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदान कर दी गयी थी, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर कटाव निरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*1521. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम पंचायत कर्पूरी ग्राम स्थित डढ़िया बेलार के वार्ड नं० 9 में मस्जिद के सामने मो० फहीम के घर के सामने जुमअंसारी नदी पर बड़ा पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर नहीं है। पुल स्थल का एक तरफ अवस्थित बसावट डढ़िया बेलार को शीर्ष पी०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत निर्मित एल०28 से मुकुन्दपुर पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरी तरफ कोई योग्य बसावट नहीं है। पुल स्थल अप स्ट्रीप में 250 मीटर पर एवं डाउन स्ट्रीम में 1.50 कि०मी० पर पूर्व से आर०सी०सी० पुल निर्मित है। अतः पुल निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

सड़क का निर्माण

'ज'-*1522. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम मोरसंड के वार्ड 10 पुरवारी टोला के मुख्य सड़क (खाता नम्बर-2814 खेसरा-5247) में कुँआ के पास से विजय कुमार सिंह के मकान तक की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का नाला सहित पी० सी० सी० निर्माण कबतक कराने क विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करते हुये रोड का निर्माण

*1523. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत बेला प्रखंड में चाकन्द लक्ष्मीपुर से शिमला सड़क का निर्माण वर्ष 2019 में किया गया है, जो 1.54 कि० मी० लंबी है, उक्त सड़क का निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं कराये जाने तथा निर्माण के एक वर्ष उपरांत ही यह सड़क जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने वाली एजेंसी और पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुये सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1524. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59-बनमनखी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बी० कोठी (बड़हरा कोठी) प्रखंड अन्तर्गत जीवछपुर से सुखसेना जानेवाली पथ में लौकाही ग्राम स्थित पुराने लौहे का पुल जर्जर हो चुका है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पी० सी० सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*1525. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरियाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गोरियाकोठी स्थित गोरियाकोठी, नोनियाटोली गाँव से गोरियाकोठी बाजार तक जानेवाली प्रधानमंत्री सड़क की स्थिति विगत 10 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आम जनता को कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क गोरियाकोठी प्रखंड मुख्यालय को एस० एच० 96 से जोड़नेवाली एक मात्र सड़क है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'ज'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक-1369, दिनांक 4 मार्च, 2021 द्वारा पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित ।

सड़क का निर्माण

*1526. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मंसूरचक प्रखंड के बहरामपुर चौक से मरौल गाँव तक जाने वाली सड़क जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्माणाधीन है जिसमें जी० एस० बी० तक कार्य कराया गया है । तत्पश्चात भूमि विवाद के कारण निर्माण कार्य बंद था । वर्तमान में भूमि विवाद का निपटारा कर कार्य प्रारंभ करा लिया गया है, जिसे इस वित्तीय वर्ष में पूर्ण करा लिया जायेगा ।

--------

एप्रोच सड़क का निर्माण

*1527. श्री हरिशंकर यादव (क्षेत्र संख्या-108 रघुनाथपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड के ग्राम बलेथरी के पास दाहा नदी पर निर्मित पुल के दोनों तरफ एप्रोच सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को पुल पर चढ़ने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त एप्रोच सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

'घ'-*1528. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड में सोन नदी पर प्रस्तावित पंडुका पुल निर्माण के लिये विगत दो वर्ष पूर्व 504 करोड़ की राशि आवंटित हुई थी जो भागलपुर (विक्रमशीला) परियोजना के लिये स्थानांतरित हो गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुनः मई 2020 में उक्त पुल के निर्माण के लिये 345 करोड़ रुपये की प्राक्कलित राशि संबंधित विभाग को भेजने के बाद भी अभीतक पुल निर्माण संबंधित कोई भी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1), (2) एवं (3)वस्तुस्थिति यह है कि बिहार राज्य हेतु घोषित प्रधानमंत्री पैकेज में रोहतास जिलान्तर्गत नौहट्टा प्रखंड मे सोन नदी पर पंडुका में पुल निर्माण के साथ श्रीनगर से नगर उटारी तक का सड़क निर्माण कार्य शामिल था । सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा भागलपुर जिला में गंगा नदी पर विक्रमशीला सेतु के समानान्तर नये 4 लेन सेतु निर्माण कार्य को प्रधानमंत्री पैकेज में शामिल करते हुये पंडुका पुल निर्माण का कार्य केन्द्रीय सड़क निधि (CRF) के Inter State Connectivity Component के अन्तर्गत कराने का निर्णय लिया गया । झारखंड राज्य में पड़ने वाले पहुँच पथ को अपने संसाधन से विकसित करने हेतु वचनबद्धता प्राप्त होने के उपरान्त कुल रु० 3 अरब 33 करोड़ 41 लाख के लागत से पंडुका पुल निर्माण कार्य का प्राक्कलन भारत सरकार के स्तर पर स्वीकृति के प्रक्रियाधीन है । स्वीकृति के उपरान्त निर्माण से संबंधित अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

---

नोट--'घ'-ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 967, दिनांक 18 फरवरी, 2021 द्वारा पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित ।

स्वीकृति देना

*1529. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत बटाने नहर का जीर्णोद्धार हेतु डी0पी0आर0 मुख्य अभियंता, औरंगाबाद से दो वर्ष पूर्व विभाग को प्राप्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डी0पी0आर0 की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1530. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार, पटना ने अपने संकल्प के माध्यम से पूर्व में स्वीकृत पथ प्रमंडल, पिपरा (सुपौल) को विलय कर नवगठित पथ प्रमंडल, झंझारपुर (मधुबनी) का गठन किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आदेश के 8 माह बीत जाने के बाद भी पथ प्रमंडल, झंझारपुर कार्यरूप नहीं ले सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ प्रमंडल, झंझारपुर में कार्यारम्भ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । नवसृजित पथ प्रमंडल, झंझारपुर में कार्यपालक अभियंता का पदस्थापन प्रक्रियाधीन है । अगले वित्तीय वर्ष से कार्यारम्भ किया जायेगा ।

--------

पुल का निर्माण

*1531. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के साह टोला से मानिकपुर के बीच भवानीपुर के सामने 86 मीटर लम्बाई के एच0एल0 पाईल पुल निर्माण का प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु विभाग में विगत एक वर्ष से लम्बित पड़ा है जिससे पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित पुल के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के साथ-साथ पुल निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1532. डॉ0 शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड रमगढ़वा के पंचायत अहिरौलिया में ग्राम-दुबौलिया से सिंघसनो को जोड़ने वाली कच्ची सड़क की लम्बाई 3 किलो मीटर है, जिसका आजादी के बाद से अभीतक पक्कीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पुनर्निर्माण

*1533. श्री सुनील मणि तिवारी (क्षेत्र संख्या-14 गोविन्दगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत अरेराज नगर पंचायत में स्थित अरेराज पक्की सड़क के वार्ड नम्बर 1 से 3 तक की सड़क नगर पंचायत की है जो कम चौड़ी एवं विगत 5 वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण अरेराज धामपर पर्यटकों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर विकास विभाग की सड़क को पथ निर्माण में अधिग्रहित करते हुये सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रस्तुत पथ नगर विकास एवं आवास विभाग के अन्तर्गत है । पथ अधिग्रहण की नई नीति के आलोक में नगर विकास एवं आवास विभाग से प्रस्ताव प्राप्त होने पर संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण किया जायेगा ।

--------

प्रखंड का दर्जा प्रदान करना

*1534. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड का नयागाँव, प्रखंड बनने की सभी अर्हताएँ रखता है, यदि हाँ, तो सरकार डुमरी बुजुर्ग, हासिलपुर, नयागाँव, रसूलपुर, गोपालपुर, चतुरपुर एवं परमानंदपुर पंचायत को मिलाकर नयागाँव को प्रखंड का दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सफाई करवाना

*1535. श्री बच्चा पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-110 बड़हरिया)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिले के पचरूखी प्रखंड में ग्राम-उखई पूरब पट्टी से होकर ग्राम-शाहपुर तक जल निकासी के लिये एक सोता अवस्थित है, जिसमें मिट्टी आदि भर जाने से लगभग बीस गाँवों के सात सौ एकड़ फसल हर साल नुकसान हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सोता की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

छिलका/काउज-वे का निर्माण

*1536. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखण्ड के अंतर्गत बिरजपुर दो मुहाने नदी पर बिरजपुर गाँव के पास छिलका नहीं होने से आस-पास के किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर छिलका/काउज-वे का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जायगा। सर्वेक्षणोपरांत योजना तकनीकी दृष्टिकोण से सम्भाव्य (Feasible) पाये जाने पर इसका रूपांकण कराकर एवं डी0 पी0 आर0 तैयार कराकर निधि उपलब्धता के आधार पर निर्माण कार्य कराने की कार्रवाई की जायगी ।

---

पुल का निर्माण

*1537. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगुसराय)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बीरपुर प्रखंड के मखवा से गोपालपुर टोला के बीच बैती नदी पर पुल नहीं रहने के कारण गावों के किसानों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण कराना

*1538. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दरियापुर प्रखण्ड में सुखमही नदी पर ग्राम-मानपुर से छोरहु कोठिया तक एवं ग्राम-ठीका से मलाही तक पुल नहीं रहने के कारण मैरोपुर मतिहान, ककरहट, डेरनी ग्राम के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न दो पुलों से संबंधित है :--

1. मानपुर से घोरहोकोठिया के बीच सुखमाही नदी पर पुल निर्माण प्रश्नाधीन पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के पथ के आरेखन पर नहीं है। उक्त पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित बसावट मानपुर को निर्मित पथ एन0 एच0 19 से एवं दूसरे तरफ अवस्थित बसावट घोरहोकोठिया को निर्मित पथ सुमेरपटी तिनमुहानी से घोरहोकोठिया ग्रामीण पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। उक्त पुल स्थल अपस्ट्रीम में 1.00 कि0 मी0 एवं डाउनस्ट्रीम में 0.900 कि0 मी0 पर पुल पूर्व से निर्मित है ।

अत: प्रश्नाधीन पुल के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

2. ठीका से मलाही के बीच सुखमाही नदी पर पुल निर्माण-प्रश्नाधीन पुल स्थल ग्रामीण कार्य विभाग के पथ के आरेखन पर नहीं है। उक्त पुल स्थल के एक तरफ अवस्थित बसावट ठीका को निर्मित पथ दरियापुर डेरनी पथ से एवं दूसरे तरफ अवस्थित बसावट मलाही को निर्मित पथ रघुपुर मलाही पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। प्रश्नाधीन पुल अपस्ट्रीम में 3.50 कि0 मी0 की दूरी पर एवं डाउनस्ट्रीम में 3.00 कि0 मी0 की दूरी पर पर्व से पुल निर्मित है ।

अत: प्रश्नाधीन पुल के निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

कार्रवाई कर सड़क का निर्माण

*1539. श्री इजहारुल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला एन0 एच0-31 से खगड़ा द्वारा मुशीटोलली होते हुए कब्रिस्तान के पास बंगला सीमा तक की (योजना संख्या-02/2018-19) सड़क का निर्माण कार्य दिनांक 4 फरवरी, 2019 को शुरू किया गया था जिसे 12 माह में पूर्ण कर देना था, लेकिन दो वर्ष से सड़क का निर्माण कार्य बंद है जबकि सड़क निर्माण कार्य मात्र 30 प्रतिशत ही हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण पूरा नहीं करने वाले संवेदक पर कार्रवाई करते हुए सड़क का निर्माण कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पईन-आहर का जीर्णोद्धार

*1540. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के गुर पईन नाला, पईन-आहर का जीर्णोद्धार लगभग 40 वर्षों से नहीं हुआ है जिसके चलते 05 पंचायतों के लोग सिंचाई से वंचित है जबकि कठौतीया केवाल, उत्तरी लोदवे एवं दक्षिण लोदवे प्रखंड में वैकल्पिक सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गुर पईन नाला, पईन-आहर का जीर्णोद्धार कराते हुए उससे निकले वितरणी कैनाल को भी उपयोग के लायक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । प्रश्नगत् योजना का प्रारम्भिक सर्वेक्षण कराया गया है । ''जल-जीवन हरियाली-अभियान'' अन्तर्गत क्रियान्वयन हेतु जिलास्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करने के लिए जिला पदाधिकारी को लिखा जा रहा है।

जिलस्तरीय समिति की अनुशंसा प्राप्त होने पर विस्तृत सर्वेक्षण कराकर योजना का क्रियान्वयन विहित प्रक्रिया के तहत कराया जाएगा ।

---

पईन का निर्माण

*1541. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला के चानन प्रखंड के अंतर्गत बासकुंड डैम है, जिसके जीर्णोद्धार हेतु राशि दी गई थी परंतु जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण नहीं किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डैम से महुलिया, संग्रामपुर एवं जानकीडीह तक सिंचाई हेतु पईन नहीं है तथा वर्तमान पईन के पक्का नहीं होने के कारण पानी के बहाव के कारण बराबर टूट जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों तक पईन का निर्माण तथा पुराने जर्जर पईन का पक्कीकरण एवं डैम का पूर्णकालिक मरम्मत करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनवाना

*1542. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत तिलौथु प्रखण्ड के सेवही पंचायत अन्तर्गत पतलुका टोला से आजाद बिगहा होते हुये मिर्जापुर तक की सड़क की लम्बाई 02 कि॰मी॰ है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे बसावटों में महादलित एवं अतिपिछड़ा लोगों की जनसंख्या अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का नवनिर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के दो भाग है --

1. प्रथम भाग--पतलुका से मिर्जापुर तिलौथू पथ-इस पथ की कुल लम्बाई 2.0 कि॰मी॰ है। इसका निर्माण पथ निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है।

2. द्वितीय भाग--मित्रसेन से आजाद बिगहा-इस पथ की कुल लम्बाई 1.125 कि॰मी॰ है का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना अन्तर्गत कराया जा रहा है ।

---

सड़क का निर्माण

*1543. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखंड के सिहकुण्ड से लोकमानपुर तक सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने से सिहकुण्ड के हजारों ग्रामीणों को प्रखण्ड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी कर भूमि खेती योग्य बनाना

*1544. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत पंचायत खुटवारा और पूरा में लगभग 1000 एकड़ में बरसात के समय जल-जमाव होता है तथा जमीन सालों भर तालाब का रूप लिये रहता है, जिससे वहाँ फसल उत्पादन नहीं हो पाता है; यदि हाँ, तो सरकार कबतक खुटवारा पंचायत के खुटवारा गाँव तथा पूरा से जल निकासी कर भूमि को उपजाऊ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का चौड़ीकरण

*1545. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ॰जा॰))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत सबहा चौक (एन॰एच॰) से कुढ़नी विधान सभा क्षेत्र के मरीचा तक जाने वाला सिंगल पथ जर्जर हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना से समस्तीपुर, कृषि कॉलेज, पूसा के लिये जानी वाली सारी बसें इसी सिंगल पथ से होकर गुजरती है, जिस कारण आये दिन जगर-जगह जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

फ्लाई ओवर का निर्माण

*1546. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर शहर में प्रतिदिन अत्यधिक जाम रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि एन०एच० 80 स्थित घण्टाघर चौक, भागलपुर से भागलपुर स्टेशन होते हुये मुस्लिम हाई स्कूल, तातारपुर तक एवं जवाहर सिनेमा हॉल, नाथनगर से नाथनगर बाजार होते हुये चम्पानाला पुल तक फ्लाई ओवर के निर्माण की माँग प्रश्नकर्ता द्वारा विभाग से पिछले छः वर्षों से की जा रही है, परंतु आजतक फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त फ्लाई ओवर का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि भागलपुर शहर में एन०एच० 80 स्थित घण्टाघर चौक, भागलपुर से भागलपुर स्टेशन होते हुये मुस्लिम हाई स्कूल, भागलपुर तक एवं जवाहर सिनेमा हॉल, नाथनगर से नाथनगर बाजार होते हुये चम्पानाला पुल तक जाम से निजात पाने के लिये भागलपुर बाइपास पथ का निर्माण करा दिया गया है जो चम्पानाला के निकट एन०एच० 80 से प्रारम्भ होकर विक्रमशीला सेतु को जाती है। बाइपास पथ बन जाने से भारी वाहनों एवं छोटे वाहनों का परिचालन बाइपास से होते हुये Service Lane के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों में पहुँचने की व्यवस्था की गयी है। वर्तमान में उक्त स्थल पर फ्लाई ओवर निर्माण की कोई योजना प्रस्तावित नहीं है।

---

पुल का निर्माण

*1547. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखंड के रायभीड़ ग्राम के वार्ड नं० 7 में मधेली नदी पर पुल नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल सिंहेश्वर से रायभीड़ भाया बिरैली पथ के आरेखन पर अवस्थित है। उक्त पुल के निर्माण हेतु सर्वे कार्य शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 अंतर्गत कराया जा रहा है। तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

पथ का निर्माण

*1548. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत सारण गंडक नहर से निकली रामपुर उप-वितरणी नौतन से कन्हौली तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रामपुर उप-वितरणी पर नवतन से कन्हौली तक ईंट सोलिंग का कार्य विगत 20 वर्षों पूर्व कराया गया है जो पूर्ण रूप से जर्जर हो गया है जिससे जनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1549. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड अन्तर्गत एन० एच० 107 से सरडिहा उच्च विद्यालय तक जानेवाली सड़क जीर्ण-शीर्ण है, जिससे राहगीरों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क निर्माण के सम्बन्ध में

*1550. श्री ललित कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल दरभंगा के बाढ़ प्रभावित इलाकों में सड़क निर्माण में सामान्य तरीकों से प्राक्कलन तैयार कर निम्न ऊँचाई का सड़क निर्माण कराने से बलेथा पोखर से नवटोली एवं खुटवारा से कांटी पथ पर बरसात एवं बाढ़ के समय जल-जमाव की समस्या बनी रहती है जिससे सड़क क्षतिग्रस्त होती है, तथा आवागमन बाधित रहता हैं ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को विशेष प्राक्कलन बनवाकर समुचित ऊँचाई से सड़क का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री-- (1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बाढ़ प्रभावित इलाकों में सड़क निर्माण जल-जमाव के सुरक्षित निस्सरण हेतु Proper Water Way के साथ CD Work का Design एवं समुचित Slope के साथ की जाती है । बाढ़ क्षेत्र में अधिक ऊँचाई वाले पथ बनाने से आकस्मिक स्थिति में बाढ़ आने पर सड़क का कटाव अधिक मात्रा में होने की संभावना रहती है । ग्रामीण कार्य विभाग का पथ Flood Embankment के रूप में निर्मित नहीं होती है । आकस्मिक बाढ़ आने पर पथ अगर क्षतिग्रस्त होता है, तो उसकी मरम्मती कार्य विभागीय प्रावधान के तहत करा ली जाती है । प्रश्नगत दोनों पथों की स्थिति निम्नवत है:--

1. बलिया पोखर से नवटोली पथ-- यह पथ एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसके प्राक्कलन के समुचित Slope के साथ जल-जमाव के निस्सरण हेतु पाँच अदद् CD Work का भी प्रावधान है ।

2. खुटवारा से कांटी पथ--यह पथ पी० एम० जी० एस० वाई० 2 अन्तर्गत निर्माणाधीन है । पथ के प्राक्कलन में समुचित Slope के साथ जल-जमाव के निस्सरण हेतु पाँच अदद् CD Work का भी प्रावधान है ।

--------

नहर की सफाई एवं पक्कीकरण

*1551. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड के विथरा स्लूईस गेट से कुर्था प्रखंड के ग्राम-केन्द्रारचक, सुरा, प्रतापुर, मुलाही, गंगेया होते हुये गंगहर नदी तक नहर जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर की सफाई एवं पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्पर निर्माण कराना

*1552. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड रक्सौल एवं आदापुर नेपाल के तराई क्षेत्र में बसा हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्षा ऋतु के शुरूआत के दौरान बहुत तीव्र गति से नेपाल के पहाड़ी क्षेत्र से बाढ़ के पानी के बहाव के चलते हजारों एकड़ का फसल एवं जानमाल की क्षति हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाढ़ सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये उक्त प्रखंडों में मुख्य स्थल को चिन्हित कर स्पर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*1553. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड से टेढ़ागाछ प्रखंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क कम चौड़ी एवं सड़क के किनारे मिट्टी नहीं पड़ने के कारण आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) वस्तुस्थिति यह है कि बहादुरगंज-टेढ़ागाछ पथ सिंगल लेन है, पथ सतह की चौड़ाई 3.75 मी० एवं लम्बाई 28.50 कि० मी० है । इस पथ के मजबूतीकरण का कार्य निर्माण-सह-रख-रखाव CMBD योजना अन्तर्गत कराया जा रहा है, जिसमें फ्लैंक मिट्टी का कार्य भी शामिल है । कार्य प्रगति पर है ।

योजना पूरी होने के उपरान्त पाँच वर्षों तक संवेदक द्वारा पथ का रख-रखाव किया जाना है, तदोपरान्त यातायात घनत्व एवं संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर पथ के चौड़ीकरण की समीक्षा की जायेगी ।

पक्कीकरण कराते हुए पुल का निर्माण

*1554. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर प्रखंड के हरदियां पंचायत के भटौली ग्राम से दावां पंचायत तक की सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में छेर नदी अवस्थित है, लेकिन भटौली एवं दावां के बीच पुल नहीं होने से वहाँ के ग्रामीणों के साथ-साथ आमजनों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराते हुए छेर नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1555. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत प्रखंड कुचायकोट के पंचायत सिरिसिया एन0 एच0 27 से बेदुआ होते हुए बरदाहां तक की सड़क जर्जर है, जो बरसात के समय कीचड़मय हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1556 श्री संजीव चौरसिया (क्षेत्र संख्या-181 दीघा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के दीघा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बाबा चौक, इन्द्रपुरी, रवि चौक, उत्तरी पटेल नगर, महेश नगर, शिवपुरी से ए0 एन0 कॉलेज के पीछे बाउन्ड्री के 6 लेन तक सड़क के बगल से एक नाला गुजरती है तथा उक्त नाला को पाटकर सड़क निर्माण हेतु विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 में डी0 पी0 आर0 भी तैयार हुआ था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित मुहल्ला का यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है तथा अटल पथ से जोड़ने का एकमात्र सड़क है, लेकिन काफी संकीर्ण होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के बगल से गुजरने वाले नाला को पाटकर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। वस्तुस्थिति यह है कि इस योजना का PPR बनाया गया है जो नगर विकास एवं आवास विभाग के साथ विचार विमर्श की प्रक्रिया में है ।

अध्यक्ष नामित करना

*1557. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् अनुकम्पा समिति में अध्यक्ष, जिला परिषद् अध्यक्ष नामित थे जिसे विभागीय पत्रांक 3862, दिनांक 19 जून, 2019 द्वारा संशोधित कर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् को अनुकम्पा समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् स्वायत संस्था है एवं पंचायती राज अधिनियम में अध्यक्ष जिला परिषद् को प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य के साथ कार्यपालिका की पूरी जिम्मेवारी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनुकम्पा समिति से संबंधित आदेश पत्रांक 3862, दिनांक 19 जून, 2019 को संशोधित कर अध्यक्ष जिला परिषद् को अनुकम्पा समिति का अध्यक्ष नामित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से परामर्श के पश्चात् सरकार का सुविचारित निर्णय है जो विभागीय परिपत्र सं0 3862, दिनांक 19 जून, 2019 से निर्गत है जिसमें अनुकम्पा समिति का गठन उप-विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाना है।

(2) स्वीकारात्मक ।

(3) वस्तुस्थिति कंडिका-(1) में स्पष्ट कर दी गयी है।

---

कार्यों का जाँच करवाना

*1558. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के कार्य प्रमंडल रजौली अन्तर्गत संवेदक कुमार कन्सट्रक्शन न्यू एरिया नवादा द्वारा विगत 5 वर्षों से वरेव-गोविंदपुर रोड से पिपरा तक पथ का निर्माण कार्य सहित कुल 17 निर्माण कार्यों में प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया गया है एवं घटिया सामग्रियों का उपयोग किया गया है, जिससे उक्त पथों कि स्थिति निर्माण के एक वर्ष उपरांत ही जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संवेदक द्वारा कराये गए उक्त कार्यों की जाँच कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1559. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत रामनगर प्रखंड के मलचंगवा चौक से कनघुसरी ग्राम होते बगही रखुआनी, नौतनवा ग्राम तक जाने वाली पी0 एम0 जी0 एस0 वाई0 सड़क में सिंघा नदी पर पुल ध्वस्त होने से आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार सिंघा नदी पर कबतक पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की व्यवस्था करना

*1560. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर प्रखण्ड के बाबुपुर से किशनपुर होते हुए सतमलपुर गांव से बूढ़ी गंडक में मिलने वाली बरसाती नदी में गाद भर जाने से जल संचय नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी का पर्याप्त गहराई तक उड़ाही के साथ अधिप्लव मार्ग निर्माण कराकर जल संचय की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कम्प्यूटर स्थापित करना

*1561. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 विक्रम)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नौबतपुर प्रखंड कार्यालय स्थित आर0टी0पी0एस0 सेन्टर का कम्प्यूटर विगत 8 माह पूर्व चोरी हो जाने से स्थानीय आमजनता को राशन कार्ड, पेंशन आदि कार्यों के आवेदन देने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आर0टी0पी0एस0 सेन्टर पर कम्प्यूटर यंत्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जाँच कर दोषी पर कार्रवाई

*1562. श्री सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-103 भोरे (अ0जा0))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के बिहारशरीफ शहर के मोगल कुआँ स्थित 130 वर्ष पुराना धरोहर डाकबंगला को बिना जिला परिषद् के अनुशंसा के ध्वस्त कर दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डाकबंगला ध्वस्त करने के बाद उसका तीन लेयर में लगा हुआ कशीदाकारी खपड़ा, सखुआ का लकड़ी तथा प्रांगण में लगे देवदार, शीशम एवं सागवान का पेड़ भी बेचा जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अनियमितता की जाँच कर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर पर पुल का निर्माण

*1563. मो0 आफाक आलम (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड में मलहरिया पंचायत के विशनपुर गाँव के वार्ड नम्बर 3 में स्थित मध्य विद्यालय के पास नहर पर बना पुल संवेदक द्वारा एक वर्ष पूर्व तोड़ दिया गया है, लेकिन आजतक दूसरा पुल का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा शुरू नहीं किया गया है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल के एक तरफ विशनपुर टोला को शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित विशनपुर से सापा पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरे तरफ कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है । अतः इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

कार्यालय का निर्माण

*1564. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहड़ा प्रखंड का सृजन वर्ष 2002 में किया गया है जिसका मुख्यालय मोहड़ा रखा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड सृजन के 18 वर्षों के बाद भी मोहड़ा में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के भवन का निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि मोहड़ा प्रखंड कार्यालय 12 किलो मीटर दूर पुराना अतरी प्रखंड में ही चल रहा है जिससे आमलोगों को असुविधा हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोहड़ा मुख्यालय में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पीपा पुल बनाना

*1565. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत हासिलपुर पंचायत के बरियारचक, सिंघनपुर एवं रसूलपुर पंचायत के तिवारी टोला, रमसापुर आदि इलाका नदी से घिरा होने एवं नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त ग्राम के लोगों को हाट, बाजार, थाना, प्रखंड मुख्यालय, अनुमंडल मुख्यालय एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार नयागाँव ब्रह्म स्थान घाट से बरियारचक दियारा के बीच गंगा नदी पर पीपा पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक रूप से स्वीकारात्मक । प्रस्तावित स्थल पर पीपा पुल बनाने की योजना नहीं है ।

दियारा क्षेत्र में उक्त प्रश्नगत स्थल से 10 किलो मीटर डाउनस्ट्रीम में पहलेजा घाट पीपा पुल निर्मित है, जिसके माध्यम से सोनपुर प्रखंड के दियारा क्षेत्र के लोगों का प्रखंड/अनुमंडल मुख्यालय से सम्पर्कता दी गयी है ।

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1566. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के फुलपरास प्रखंड के सुगापट्टी पंचायत में भूतही नदी पर स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने के कारण लाखों लोग सिंचाई से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध एवं फाटक का निर्माण कराना

*1567. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड के हिसार गाँव में लौहा कान्हर पर बाँध एवं फाटक का निर्माण नहीं हुआ है जिससे लगभग 5-6 गाँव के 3000 किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर बाँध पर फाटक का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*1568. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बथनाहा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-बखरी से लेकर बाजपट्टी सीमाना तक लखनदेई नदी की उड़ाही का कार्य अबतक पूरा नहीं हो सका है, जिससे वहाँ की आमजनता को बरसात के दिनों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी पर एक भी स्लूईस गेट नहीं होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित होती है तथा पानी का उपयोग नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी की उड़ाही का कार्य पूरा करने के साथ ही स्लूईस गेट बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

फ्लाई ओवर का निर्माण

*1569. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार और जन्दाहा मुख्य सड़क के बीच महनार रेलवे स्टेशन के पश्चिमी ढाला पर फ्लाई ओवर नहीं रहने की वजह से हर समय जाम की समस्या बनी रहती है ;

(2)यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर फ्लाई ओवर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बाइपास सड़क का निर्माण

*1570. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियाँ (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियां विधान सभा क्षेत्र में चाँदनी चौक पर यातायात दाब रहने के कारण हमेशा जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर बाइपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि एन०एच० 2 स्थित चाँदनी चौक, मोहनियां पर से यातायात घनत्व को कम करने के लिये 02 बाइपास पथ सात निश्चय 2 के सुलभ सम्पर्कता घटक के अन्तर्गत प्रस्तावित है। बाइपास पथ के निर्माण के उपरान्त जाम की समस्या से निजात पाया जा सकेगा ।

सड़क का निर्माण

*1571. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत गरखा प्रखंड के गरखा चौक पर यातायात दाब रहने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, जिसके कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गरखा चौक से पश्चिम फुर्सतपुर से महमदपुर होते रामपुर तक बाइपास सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि सारण जिला अन्तर्गत गरखा प्रखंड के गरखा चौक पर यातायात के दबाव की समस्या बनी रहती है । जाम की समस्या दूर करने हेतु सात निश्चत-2 अन्तर्गत सुलभ सम्पर्कता घटक में गरखा बाइपास निर्माण का प्रस्ताव है ।

-------------

बाँध की मरम्मती

*1572. श्री राजवंशी महतो (क्षेत्र संख्या-141 चेरिया बरियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अन्तर्गत चेरिया बरियारपुर विधान सभा में खोदावंदपुर प्रखण्ड के बिदुलिया से नवकोटी प्रखण्ड के पहसहरा तक गंडक नदी का बाँध जर्जर है जिससे गंडक में पानी बढ़ने के बाद बरसात के दिनों में सिपेज हो जाता है और आमजनों के जानमाल का खतरा रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खोदावंदपुर प्रखण्ड के बिदुलिया एवं सुरिया बरियापुर प्रखंड के बसही में बोल्डर पीचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मजदूरी बढ़ाना

*1573. श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार में मनरेगा मजदूरी 197 रुपये है, जो बिहार के अकुशल मजदूरों के लिये निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 292 रुपये से कम है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मनरेगा में मजदूरी बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नहरों की उड़ाही और पक्कीकरण

*1574. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिले के पालीगंज एवं दुल्हिनबाजार प्रखंड में 10 नंबर नहर समेत सभी नहर जर्जर और कमजोर है, जिससे जल अंतिम छोर तक नहीं पहुँचने के कारण लाखों किसानों को सिंचाई में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहरों की उड़ाही और पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सिंचाई योजना को विस्तारित करना

*1575. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखंड में धौंस नदी पर उद्वह सिंचाई योजना बोरिंग के माध्यम से कार्य कर रही है परन्तु इसका विस्तार नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस सिंचाई योजना को विस्तारित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1576. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चकिया प्रखंड के एन० एच० 104 विरता बाजार आरा मशीन से नाहर किनारे होते हुये बलवा मन आर० ई० ओ० पिच रोड तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 3.8 कि० मी० है । इस पथ आरेखन पर अवस्थित बसावटों 1. घनश्याम पकड़ी को शीर्ष एम० एम० जी० एस० वाई० अंतर्गत निर्मित चकवारा से घनश्याम पकड़ी पथ से 2. मधुछपरा अनुसूचित जाति टोला को शीर्ष MR (3054) अंतर्गत कार्यान्वित एन० एच० 28 से मधुछपरा पथ से 3. मधुछपरा एवं खैरवा टोला ग्राम को शीर्ष MR (3054) अंतर्गत कार्यान्वित एन० एच० 28 से बलवा पथ से सम्पर्कता प्राप्त है ।

इसके अतिरिक्त अन्य कोई योग्य बसावट नहीं रहने एवं पथ सिंचाई विभाग के नहर का सेवा पथ होने के कारण किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है ।

अत: पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

अधिग्रहण कर पथ का निर्माण

*1577. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत इलमासनगर, किशनपुर रेलवे स्टेशन, मधुबन, फुलहरा, कल्याणपुर से समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ में मिलने वाली ग्रामीण कार्य विभाग की 20 कि० मी० लंबी अतिमहत्वपूर्ण सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ किशनपुर रेलवे स्टेशन जाने वाली एवं दो आर० सी० डी० पथों को जोड़ने वाली पथ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराते हुये निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रस्तुत पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत है । पथ अधिग्रहण की नयी नीति के आलोक में ग्रामीण कार्य विभाग अपने स्वामित्व वाले पथों का उन्नयन स्वयं करायेगा । ग्रामीण कार्य विभाग के इस पथ का पथ निर्माण विभाग के द्वारा अधिग्रहण नहीं किया जाना है ।

--------

पथ का निर्माण

*1578. श्री सुरेन्द्र राम (क्षेत्र संख्या-119 गरखा (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत गरखा, परसा, दिघवारा प्रखंड को जोड़नेवाली सड़क जो मिर्जापुर पी० डब्लू० डी० सड़क से प्रतापपुर हराजी होते हुये पर्यटक स्थल आमी के समीप एन० एच०, 19 फोरलेन में मिलती है, वह कच्ची एवं जर्जर स्थिति में रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल निर्माण कराना

*1579. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड अन्तर्गत रधौस घाट के धौस नदी पर एवं कमला वारी में कमला नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1580. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत प्रखंड मोहनपुर में लखैपुर से पहाड़पुर जाने वाली पथ एवं बाराचट्टी, मोहनपुर एवं फतेहपुर को जोड़ने वाली पथ में नेताने नदी पर पुल नहीं है जिसके कारण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार नेताने नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*1581. श्री आनन्द शंकर सिंह (क्षेत्र संख्या-223 औरंगाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत देव प्रखंड के सरगावाँ ग्राम पंचायत के सनौधा नहर से पिपरडीह, आजाद बिगहा होते हुए जम्हरिया तक एवं चुनचुन बिगहा गाँव से मुख्य नहर तक का पथ जर्जर है जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी की व्यवस्था

*1582. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना शहर स्थित आर0 ब्लॉक के पथ सं0 2 का नये सिरे से निर्माण एवं कालीकरण का कार्य हाल में ही विभाग द्वारा कराया गया है, कालीकरण के बाद वह पथ ऊँचा हो गया है और पथ के किनारे का पुराना नाली पूर्णत: बंद हो गया है जिससे बरसात के दिनों में कई महीनों तक गंदा पानी सड़क पर ही जमा रहता है और लोग गंदे पानी से होकर जाने को मजबूर होते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि व्हाट्सएप विडियो के माध्यम से उक्त समस्या की ओर विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया था, जिसकी सं0-80000-2909200116 है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंदा पानी की निकासी हेतु पथ सं0 2 से सटे पूर्व में बड़े नाली का निर्माण कराकर उसे समीप के नाले से मिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा आर0 ब्लॉक से दरोगा राय पथ तक पथ का निर्माण कराया गया है, पानी के निकासी हेतु आवश्यक नाले का प्रावधान कर पुनरीक्षित प्राक्कलन प्रमंडल से प्राप्त कर लिया गया है। इसकी स्वीकृति प्रक्रियाधीन है ।

---

लाईट लगवाना

*1583 श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बोध गया से राजगीर एन0 एच0 82, फोर लेन बन रहा है, उसमें लाईट की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में लाईट की व्यवस्था नहीं होने से पर्यटकों एवं यात्रियों को आने-जाने में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में लाईट लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि JICA वित्तपोषित गया (पहाड़पुर) से वजीरगंज-हिसुआ-नारदीगंज-राजगीर-नालन्दा होते हुए बिहारशरीफ (कारगिल चौक) तक एन0 एच0-82, कुल लम्बाई 92.935 कि0 मी0 सड़क के फोर लेन चौड़ीकरण परियोजना में एकरारनामा के अनुसार सिर्फ टोल प्लाजा लोकेशन में लाईट की व्यवस्था करने का प्रावधान है। अन्य स्थानों पर लाईट की व्यवस्था करने का प्रावधान नहीं है ।

यह परियोजना भारत सरकार के पथ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार की है, जो JICA (Japan International Corporation Agency) से वित्तपोषित है एवं इसमें सभी प्रावधान JICA की सहमति से स्वीकृत है ।

पुल का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराना

*1584. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विद्यापति नगर प्रखण्डान्तर्गत मउ दक्षिण पंचायत के मउ ग्राम में अखाड़ा घाट वाया नदी पर विगत 4 वर्ष पूर्व दियारा से मउ बाजार को जोड़ने वाली निमार्णाधीन पुल का पाया बन कर तैयार है, परन्तु कार्य पूर्ण किए बगैर निर्माण कार्य को बंद कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कार्य पूरा कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1585 श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के गोपालपुर पंचायत के NH 02 पीपरघट्टी से मरवट्टी तक लगभग 3KM तक सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोल्डर पिचिंग कराना

*1586. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-51 सिकटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलांतर्गत सिकटी विधान सभा क्षेत्र के बकरा नदी पर ग्राम-पीरगंज से डायनिया, तिरा, परैया, नेमुआ एवं पिपरा तक नदी किनारे बांध पर बोल्डर पिचिंग नहीं रहने के कारण बांध टूटने से उक्त गाँव को किसी भी समय नदी में समा जाने का खतरा व्याप्त रहता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव को बचाने हेतु उक्त नदी के बांध पर बोल्डर पिचिंग कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ओवर ब्रिज का निर्माण

*1587. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे गुमटी के ऊपर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य विगत 13 वर्षों से लंबित है, जिसके कारण गुमटी पर लोगों को प्रतिदिन जाम का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कबतक पूर्ण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव से मुक्ति

*1588. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंड अन्तर्गत कृषि योग्य भूमि का 75 प्रतिशत भू-भाग में साल के छः माह तक जल-जमाव रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संग्रामपुर प्रखंड के नाले एवं केसरिया प्रखंड के सेमुआपुर से लोहरगाँवा और केसरिया होते हुये निकलने वाले रखवा नाला एवं केसरिया कल्याणपुर प्रखंड की सीमा पर से होकर गुजरने वाली सुमौती नदी की सफाई नहीं होने कारण उक्त जल-जमाव रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नालों एवं नदी की सफाई कराकर इस क्षेत्र को जल-जमाव से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्णांकित करना

*1589. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत घाटकुसुम्भा प्रखंड को सरकार द्वारा 20 वर्ष पूर्व जल-जमाव क्षेत्र घोषित कर दिया गया है, जबकि बरसात के समय उक्त क्षेत्र में सिर्फ बाढ़ की समस्या रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त क्षेत्र को जल-जमाव क्षेत्र के बदले बाढ़ ग्रसित क्षेत्र के रूप में कर्णांकित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1590. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा प्रखंड के कुदरा बाजार और रामपुर गाँव के बीच दुर्गावती नदी पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, जबकि उक्त स्थल के दोनों तरफ सम्पर्क सड़क का निर्माण हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का पक्कीकरण

*1591. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत चकिया प्रखंड के मधुरापुर गैस एजेन्सी से सागर जानेवाली सड़क कच्ची है, जिसके कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.05 किलो मीटर है । मधुरापुर गैस एजेन्सी मधुरापुर ग्राम में है, जो चकिया मधुरापुर पी0डब्लू0डी0 पथ पर अवस्थित है एवं पथ के अंतिम छोर पर सागर पंचायत का मधुडीह ग्राम-पीपरा कल्याणपुर, आर0ई0ओ0 पथ पर अवस्थित है । इस पथ के बीच में कोई अन्य योग्य बसावट नहीं रहने के कारण राज्य के किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है ।

अतः पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

पुल का निर्माण

*1592. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराही प्रखंड के मोहनपुर पंचायत में शंकरपुर से बिंदीपुर जानेवाली ग्रामीण सड़क में स्थित शंकरपुर-बिंदीपुर पुल अत्यंत जर्जर स्थिति में है, जिससे आवागमन में हमेशा दुर्घटना होने की आशंका व्याप्त रहती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल के समानांतर नये पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन की सफाई एवं मरम्मती

*1593. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के टेकारी प्रखंड स्थित मोरहर नदी में नीमसर स्लूईस गेट से (भूतही पईन) ग्राम-अलीपुर, उतरामा, जमालपुर, दरहेटा, बड़हिया होते हुये ग्राम-टाली स्लूईस गेट तक पईन जर्जर है तथा उसमें गाद भी भरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन की सफाई एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शेष बचे आवासों को पूर्ण कराना

*1594. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 2 जून, 2019 को प्रकाशित शीर्षक ''अगले माह एक साथ 9.60 लाख गरीबों को मिलेगा घर'' के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के जरूरतमंदों को वर्ष 2016-17 और 2017-18 तक 10 लाख आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था किन्तु उनमें से भी अभीतक मात्र 5.41 लाख आवास ही पूर्ण हुये है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--अस्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का कुल भौतिक लक्ष्य 11,76,617 (ग्यारह लाख छिहत्तर हजार छः सौ सतरह) प्राप्त है । उक्त लक्ष्य के विरुद्ध 11,64,097 (ग्यारह लाख चौसठ हजार सनतानवे) आवासों की स्वीकृति दी गई है । इनमें से 11,51,865 (ग्यारह लाख इकावन हजार आठ सौ पैंसठ) लाभुकों को प्रथम किस्त 10,43,143 (दस लाख तेतालीस हजार एक सौ तेतालीस) लाभुकों को द्वितीय किस्त 9,35,806 (नौ लाख पैंतीस हजार आठ सौ छः) को तृतीय किस्त का भुगतान किया गया है तथा इनमें से 9,50,625 (नौ लाख पचास हजार छः सौ पचीस) आवासों को पूर्ण कराया गया है ।

योजनान्तर्गत लाभुकों द्वारा आवास का निर्माण स्वयं किया जाना है । निर्धारित स्तर तक आवास निर्माण पूर्ण करने के बाद ही लाभुकों को द्वितीय एवं तृतीय किस्त की सहायता राशि का भुगतान किया जाता है ।

स्वीकृति प्राप्त शेष आवासों को पूर्ण करने हेतु विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, बैठक एवं अन्य माध्यमों से प्रगति की समीक्षा की जाती है । हर सप्ताह प्रत्येक बुधवार को पंचायतों में आवास दिवस का आयोजन किया जाता है । इससे आवास पूर्णता में अपेक्षित प्रगति हुई है ।

भवन का निर्माण

*1595. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ईसुआपुर प्रखण्ड के रामचौड़ा एवं तरैया प्रखण्ड के पचरौड़ा पंचायत सरकार भवन का पाँच पूर्व निर्माण कार्य शुरू किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य संवेदकों द्वारा समय अवधि में पूरा नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1596. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगाँव प्रखंड के एन०एच० 80 जान मोहम्मदपुर रेलवे उलटा पुल से कलगीगंज नवटोलिया होते हुये कदमकुज नंदनालपुर मुख्य सड़क तक जानेवाली सड़क जर्जर है, जिससे आमजनता को आवागमन में असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पुनर्निर्माण

*1597. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया प्रखंड के शिवपुर पंचायत के ग्राम-बिरपुर से ईटवा पथ में ईखा से तेतरीयाँ गोरेया तक 2 कि०मी० पथ जर्जर हो गया है, जिसके कारण आवागमन सहित छोटे एवं बड़े वाहन को आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1598. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के पीरनगर पंचायत में बलिया बासा के नजदीक मरियाधार के किनारे नवसृजित प्राथमिक विद्यालय है, जहाँ छात्र/छात्रा मरियाधार होते हुये पठन-पाठन के लिये जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धार पर पुल नहीं रहने के कारण छात्र/छात्रा को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1599. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत लाडु-कोशिला के बीच निरंजना नदी पर पुल का निर्माण प्रस्तावित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल का दो बार स्वायल टेस्टिंग भी हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) अस्वीकारात्मक है ।

(2) अस्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ स्थल के दोनों तरफ के बसावटों की सम्पर्कता की स्थिति निम्नवत है :--

1. बाराचट्टी एवं लोहिया जय प्रकाश नगर बसावट--यह सभी बसावट प्रश्नाधीन पुल के एक तरफ है। इन सभी बाराचट्टी एवं लोहिया जय प्रकाश नगर बसावट को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्माणाधीन जी०टी० रोड तेतरिया से लोहिया नगर महादलित टोला से सम्पर्कता हो जायेगी ।

2. कोशिला, मोचारिम, खजवती, जंगहा, सहदेवखाप इत्यादि--यह सभी बसावट प्रश्नाधीन पुल के दूसरे तरफ है। इन सभी कोशिला, मोचारिम, खजवती, जंगहा, सहदेवखाप बसावटों को इन सभी बसावटों को बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति-2018 अन्तर्गत निर्माणाधीन मोचारिम से कोशिला पथ से सम्पर्कता हो जायेगी ।

प्रश्नाधीन पुल ग्रामीण कार्य विभाग के आरेखन पर अवस्थित नहीं है एवं दोनों तरफ के बसावटों को एकल सम्पर्कता प्रदत्त है। अत: इसके निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

सड़क का निर्माण

*1600. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखण्ड के ग्राम-सुमेरपट्टी से ग्राम-बलुवहियाँ तक सिंचाई विभाग के द्वारा लगभग 6 कि०मी० सड़क का निर्माण 10 वर्ष पूर्व में कराया गया था जो ग्राम-घुरहों कोठीयां, मुजौना, सेमरहीयां, बलुवहीयाँ को मुख्य पथ से जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई की समुचित व्यवस्था करना

*1601. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखण्ड के देवासी पंचायत में एवं बाँसी प्रखंड के माधोपुर अगरा पंचायत में कृषि योग्य भू-भाग में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर पहाड़ी-बरसाती नदियों पर चेक डैम एवं (लिफ्ट) उद्वह सिंचाई की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

साईफन का निर्माण

*1602. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के कोचस प्रखंड अन्तर्गत रामपुर पुल से कपसियाँ बाहा की लम्बाई 2.5 कि०मी० है, जिससे खाता कपसिया एवं ग्राम-खैरी के खेतों की सिंचाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाहा में मैनपुरा ग्राम जाने वाले रोड के पास मुख्य सड़क में नाला बना हुआ है, जिससे खाता संख्या 128, खेसरा संख्या 1553 तथा खाता संख्या 232, खेसरा संख्या 1552 की सिंचाई होती थी, लेकिन बाहा में उस स्थान पर साईफन नहीं होने एवं पानी का लेवल नीचे हो जाने से उस खेत की सिंचाई अब नहीं हो पाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रामपुर पुल से कपसियाँ जानेवाली बाहा में मैनपुरा ग्राम जाने वाले सड़क के पास साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वर्तमान में बाहा में पानी भरा हुआ है । पानी सूखने पर योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जायेगा। सर्वेक्षणोपरान्त योजना उपयोगी पाये जाने पर डी०पी०आर० तैयार कराकर निधि उपलब्धता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य कराया जायेगा ।

पुल का निर्माण

*1603. श्री भूदेव चौधरी (क्षेत्र संख्या-160 धौरैया (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत धौरैया प्रखंड के ग्राम-बैजनाथपुर और रहमान किन्ता के बीच एवं कुर्मा और जयपुर गाँव के बीच मिरचैनी नदी पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्य पूरा करना

*1604. श्री फते बहादुर सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर पहाड़ी से निकलने वाली काव नदी डिहरी विधान सभा क्षेत्र के अनेक गाँव से होकर गुजरती है किंतु यह नदी गाद से भर गई है और बरसात के मौसम में नदी के किनारे बसे गाँव में बाढ़ की स्थिति बन जाती है जिससे सैकड़ों एकड़ फसल नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी का उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1605. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के मझुआ पंचायत के बिरली टोला एवं नया टोला के बीच बने सड़क में बलुआ धार पर पुल नहीं रहने के कारण उक्त दोनों टोला के लिये यह सड़क महत्वहीन हो गया है, साथ ही उक्त दोनों टोला में हजारों की आबादी को सड़क के बीच में पुल नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में लंबी दूरी तय कर बाजार/स्कूल जाना पड़ता है, जिससे छात्र-छात्रा, महिला एवं किसान को काफी कठिनाई होती है,

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त दोनों टोला के बीच बने सड़क में उक्त धार पर आर० सी० सी० पुल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की मरम्मती

*1606. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के नानपुर प्रखंड अन्तर्गत खोपी चौक से सोनवर्षा होते हुये बछाड़पुर तक की सड़क की मरम्मती विगत 40 वर्षों से नहीं हुई है, जिसके कारण वहां के आमलोगों के आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि खोपी चौक से सोनवर्षा होते हुये बछाड़पुर तक पथ एम० एम० जी० एस० वाई० अन्तर्गत लालजी साह के घर सोनवर्षा टोला से खोपी चौक टी 02 तक के नाम से स्वीकृत है । इस पथ की लम्बाई 1.30 कि० मी० है तथा प्राक्कलित राशि रु० 63.924 लाख है । उक्त पथ की निविदा प्राप्त हो चुकी है, जो निष्पादन की प्रक्रिया में है । निविदा निष्पादन के पश्चात् निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

पक्की सड़क से जोड़ना

*1607. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रह्मपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रह्मपुर प्रखंड के उत्तरी नैनीजोर पंचायत में ग्राम-ढाबी की आबादी 25000 है, जो अबतक पक्की सड़क से जुड़ा हुआ नहीं है जबकि 500 से अधिक आबादी वाले ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का सरकारी प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में पिछड़ा एवं महादलितों की आबादी अधिक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डायवर्सन बनाना

*1608. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या 134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विद्यापति प्रखंड के हरपुर बोचहां पंचायत में खनुआ चौक के नजदीक पुल बनकर तैयार है परन्तु डायवर्सन नहीं बना है, जिसके कारण बायाँ नदी पर बने उक्त पुल पर आवागमन बन्द है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त निर्मित पुल का डायवर्सन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

जल निकासी की व्यवस्था

*1609. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड के चक पहाड़ पंचायत में तथा पटोरी प्रखंड के दरबा पंचायत में कृषि योग्य भूमि पर जल-जमाव होने से किसानों को कृषि कार्य में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1610. श्री कृष्ण कुमार ऋषि (क्षेत्र संख्या-59 बनमनखी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बी० कोठी प्रखंड अन्तर्गत गोपीनगर परसा में परसा धार पर अंग्रेजों के समय का काठ का पुल ध्वस्त हो चुका है, जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पी० सी० सी० पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जलस्रोत बनाना

*1611. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत हवेली खड़गपुर के जालकुंड जलाशय एवं धरहरा प्रखंड के सतधरवा जलाशय का स्लूईस गेट जर्जर है तथा पूर्णतः खुला हुआ है, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित जलाशय के जलस्रोत के अभाव में पानी का स्तर घटने से सिचाई कार्य बाधित है जिससे आम किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलाशय के स्लूईस गेट का समुचित रख-रखाव के साथ बाढ़ के पानी को लिफ्ट कराकर जलापूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1612. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी अनुमंडल में बखरी डाकबंगला से निसहरा सिमान तक तथा सुहागी पुल से कटरमाला उप-स्वास्थ्य केन्द्र ढाला तक सड़क का निर्माण 2010 से पूर्व किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्मित पथ वर्तमान में क्षतिग्रस्त रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पथों को जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जल निकासी की व्यवस्था

*1613. श्री राम रतन सिंह (क्षेत्र संख्या-143 तेघड़ा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के तेघड़ा प्रखंड में जल-जमाव के कारण गौरा चौर में करीब एक हजार छः सौ एकड़ भूमि में लगाये गए किसानों की फसल प्रत्येक वर्ष नष्ट हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चौर से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सुरक्षा बांध का पुनर्निर्माण

*1614. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के सुसारी पंचायत के ग्राम-नन्दापट्टी से बेलगांव तक कमला नदी के दक्षिणी तटबंध पर प्रत्येक वर्ष कमला नदी से पानी से बाढ़ आती है और सैकड़ों एकड़ जमीन में लगी फसल बर्बाद हो जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों में कमला नदी की बाढ़ से बचाने के लिए सुरक्षा बांध 5 वर्ष पहले पूर्णतः ध्वस्त हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सुरक्षा बांध का पुनर्निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अत्याधुनिक एवं सभी सुविधायुक्त भवन का निर्माण

*1615. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का अपना निजी भवन नहीं है, जिसके कारण सरकारी कार्य के संपादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार बरियारपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का अत्याधुनिक एवं सभी सुविधायुक्त भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव रोधक कार्य करवाना

*1616 श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड लौरिया के ग्राम पंचायत वसंतपुर का बेलवा गाँव गंडक नदी के किनारे अवस्थित है, जहाँ गंडक नदी से लगातार कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव को नदी के कटाव से बचाने के लिये कटाव निरोधक कार्य करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटाव को रोकना

*1617. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड-मांझी पंचायत मटियार के ग्राम-भट्टा के सामने दहा नदी के बांध में कटाव हो रहा है, जिससे बरसात एवं बाढ़ के समय आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बांध के कटाव को रोकने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल निर्माण एवं एप्रोच रोड का ऊँचीकरण

*1618. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत नुआँव प्रखंड के सिसौड़ा-मुखराँव एम0डी0आर0 पथ में गोरिया नदी पर छोटा पुल एवं सड़क ऊँचाई कम रहने के कारण पुल की दोनों तरफ एप्रोच रोड में बरसात के समय पानी जमा हो जाता है जिससे प्रखंड एवं जिला मुख्यालय का सम्पर्क बाधित हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पुल के स्थान पर बड़ा पुल का निर्माण कराने के साथ-साथ एप्रोच पथ को ऊँचा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन स्थल पर छलका (Causeway) बना हुआ है। वर्षात के दिनों में 2 से 3 दिनों तक पानी Overtop करता है, फिर पानी का Layer कम हो जाता है किन्तु आवागमन बंद नहीं होता है। बड़ा पुल बनाने का प्रस्ताव पर स्थल अध्ययन कराया जायेगा ।

पुल का निर्माण

*1619. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के बोची पंचायत के वार्ड नम्बर 1-2 के चरारनी बस्ती एवं वार्ड नम्बर 7-8 के मरना बस्ती में पुल क्षतिग्रस्त है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्न दो पुलों से संबंधित है--

1. बोची पंचायत के वार्ड नम्बर 1-2 के चरारनी बस्ती के पास पुल निर्माण--उक्त पुल के जगह पर एक पुराना क्षतिग्रस्त कॉजवे है जो शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित टी0 02 से बटुरबाड़ी पूर्वी के आरेखन पर अवस्थित है । वर्तमान में यातायात चालू है ।

2. बोची पंचायत के वार्ड नम्बर 7-8 के मरना बस्ती के पास पुल निर्माण--उक्त पुल के जगह पर एक पुराना क्षतिग्रस्त कॉजवे है, जो शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत निर्मित पी0डब्लू0डी0, ए0बी0एम0 सिकटी पथ के आरेखन पर अवस्थित है । वर्तमान में यातायात चालू है ।

उक्त दोनों क्षतिग्रस्त स्थल पर पुल निर्माण हेतु टेक्नोफिजिबीलिटि रिपोर्ट की माँग संबंधित कार्यपालक अभियंता से की गई है । तत्पश्चात् तकनीकी समीक्षोपरांत अग्रेतर कार्रवाई किया जाना संभव हो सकेगा ।

--------

पईन-आहर का जीर्णोद्धार

*1620. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोध गया (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखंड के हदहदवा पईन-आहर का जीर्णोद्धार लगभग 40 वर्षों से नहीं हुआ है जिसके चलते 9 पंचायतों के लोग सिंचाई से वंचित है, जबकि मोहनपुर, फतेहपुर एवं टनकुप्पा प्रखंड में सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हदहदवा पईन-आहर का जीर्णोद्धार कराते हुये उससे निकले वितरनी, कैनाल को भी उपयोग के लायक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक । यह योजना जिला परामर्शदातृ समिति से अनुशंसित है । डी0पी0आर0 तैयार कराया जा रहा है । निधि उपलब्धता के आधार पर विहित प्रक्रिया के तहत इस योजना का क्रियान्वयन कराया जायेगा ।

--------

सड़क का निर्माण

*1621. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रुन्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के जनार में बागमती नदी के उत्तरी तटबंध से बेलसंड अनुमंडल के चंदौली तक पक्की सड़क नहीं होने से आमलोगों को आवागमन में समस्या होती है, साथ ही वह इलाका विकास से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थल पर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध का चौड़ीकरण, मरम्मती एवं बोल्डर पिचिंग कराना

*1622. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखंड में ग्राम पंचायत ताजनीपुर के ग्राम-मदनचक के समीप रामापीपल से पतानी कोन सैदपुर तक जमींदारी बाँध कम चौड़ा एवं जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमींदारी बाँध का चौड़ीकरण, मरम्मती एवं बोल्डर पिचिंग कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पी0सी0सी0 पुल का निर्माण

*1623. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया प्रखंड के परेवा पंचायत के चिरैया से शिकारगंज तक ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के बीच में सिचुवा नदी पर सुनर देवी स्थान के पास पुल नहीं होने से आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पी0सी0सी0 पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) आंशिक स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल स्थल पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत निर्मित पथ चिरैया सेमरा से सेमरा शिकारगंज पथ के आरेखन पर है । उक्त स्थल पर पुराने एवं जीर्ण पुल से आवागमन हो रहा है । नये पुल के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 प्राप्त कर लिया गया है, जिसकी तकनीकी समीक्षा की जा रही है । तद्नुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

--------

औचित्य बतलाना

*1624. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लु सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में हर घर नल का जल योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी वार्ड समिति, मुखिया, पंचायत सचिव, विभाग के अभियंता सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी तक सुनिश्चित की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने बड़े योजना के कार्यान्वयन से पहले जन-प्रतिनिधियों को व्यापक प्रशिक्षण नहीं देने के कारण गलतियाँ हो रही हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के उप-विकास आयुक्त द्वारा तोल और अनकोढ़ा पंचायत में नल-जल योजना की अनियमितता के लिये केवल वार्ड सदस्य और मुखियों पर ही कार्रवाई की अनुशंसा की गई है जबकि जिम्मेवार सरकारी सेवकों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त अनियमितता के लिये केवल जन-प्रतिनिधियों को दंडित करने का क्या औचित्य है ?

सड़क का चौड़ीकरण

*1625. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पी० डब्लू० डी० रोड छौड़ादानों नहर चौक से पी० डब्लू० डी० नेपाल बोर्डर तक पूर्व से निर्मित सड़क संकीर्ण रहने के चलते आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त निर्मित सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पथ चौड़ाई 3.05 मी० है एवं OPRMC फेज II पैकेज नं० 2B के अन्तर्गत संधारित किया जा रहा है । संसाधनों के उपलब्धता एवं प्राथमिकता के आधार पर चौड़ीकरण कार्य कराया जायेगा ।

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1626. श्री राजेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 104 हथुआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत हथुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज एकडंगा से एकडंगा तिरमुहानी से राम आशीष सिंह के घर होते हुये सोना पुल पार कर रानी सरिसवां, मध्य विद्यालय के समीप तक की ईंट सोलिंग पथ जर्जर जिस कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई

*1627. श्री श्रीकान्त यादव (क्षेत्र संख्या-113 एकमा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला सारण के प्रखंड मांझी अन्तर्गत वर्ष 2018-19 में गोढ़ा से मठनपुरा एवं एकमा से ताजपुर पार्ट-1 सड़क का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़कों का निर्माण मानक एवं प्राक्कलन के अनुरूप नहीं कराये जाने के कारण निर्माण काल के एक वर्ष उपरांत ही सड़क क्षतिग्रस्त हो गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1628. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के डुमराँव शहर अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 120 के संकीर्ण होने से लोगों को रोजाना घंटों सड़क जाम की समस्या से जूझना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार डुमरांव में बाइपास सड़क का निर्माण कर जाम की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) वस्तुस्थिति यह है कि बक्सर जिलान्तर्गत डुमराँव में जाम की समस्या के निदान हेतु राष्ट्रीय उच्च पथ सं० 120 के मार्गरेखन अनुमोदन में डुमरांव शहर के बाइपास निर्माण की स्वीकृति सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिसम्बर, 2020 में प्रदान की गई है । बाइपास की कुल लम्बाई 5.30 कि० मी० है । भूमि अधिग्रहण का प्राक्कलन स्वीकृति हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को समर्पित किया गया है ।

बाइपास के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है । भूमि अधिग्रहण के पश्चात् निर्माण कार्य हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

बाइपास के निर्माण के पश्चात् जाम की समस्या से निजात पाया जा सकेगा ।

फ्लाई ओवर बनाना

*1629. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम शहर में जी०टी० रोड से बेदा से लेकर एस०पी० जैन कॉलेज के गेट तक की दूरी 05 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रोड पर फ्लाई ओवर नहीं होने से आये-दिन जमा लगा रहता है, जिससे आमजनता को आवागमन में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम शहर में बेदा से लेकर एस०पी० जैन कॉलेज गेट के पास तक फ्लाई ओवर बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि रोहतास जिलान्तर्गत पुरानी जी०टी० पथ की कुल लम्बाई 19.300 कि०मी० है। यह पथ NH-02 Four Lane के कुम्हउ से प्रारंभ होकर सासाराम शहर होते हुये सुअरा NH-02 Four Lane तक जाती है। इस पथ के कि०मी० 0.00 से 13.800 कि०मी० का पथांश पथ प्रमंडल, कोचस के क्षेत्राधीन है। शेष पथांश पथ प्रमंडल, डिहरी ऑन सोन के अन्तर्गत है। इस पथ का सासाराम शहरी भाग बेदा (चैनेज-3.00) से S.P. Jain College More (Ch-8.280 km.) तक के पथांश की कुल लम्बाई 5.280 कि०मी० है।

केन्द्रीय सड़क निधि (CRF) योजनान्तर्गत इस पथ के कि०मी० 0.00 (कुम्हउ) से कि०मी० 8.28 (S.P. Jain College More) कुल लम्बाई 8.28 कि०मी० के Fur Lane/Six Lane में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य EPC mode के तहत प्रगति में है। सासाराम शहरी भाग में जाम की समस्या प्राय: रहती है। इस पथ के चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त जाम की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा ।

इसके साथ बेदा से बाराडीह, मोकर, बभनपुरवा पुल (नहर के एलाइनमेंट पर) होते हुये अमरा तालाब तक सासाराम शहर का बाइपास (कुल लम्बाई 23.00 कि०मी० लगभग) का निर्माण बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा कराया जाना है। इसके तहत प्रथम चरण में बेदा से बाराडीह होते हुये मोकर तक (लम्बाई लगभग 9.00 कि०मी०) नहर के एलाइनमेंट पर बाइपास निर्माण का कार्य प्रगति में है। इन दोनों पथ के निर्माण के उपरान्त शहरी भाग के जाम की समस्या का समाधान संभव हो सकेगा। वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने का निरंतर अभियान चलाये जाने से जाम में काफी कमी आयी है।

इस पथ के कुम्हउ से S.P. Jain College More तक Four Lane/Six Lane में चौड़ीकरण कार्य एवं सासाराम शहर के बाइपास निर्माण का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सासाराम शहरी भाग में जाम की समस्या का सामाधान हो जायेगा।

--------

कटावनिरोधी कार्य कराना

*1630. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत लखनपुर पंचायत के बड़ा लखनपुर में वर्ष 2019 में 14.64 लाख रुपये की लागत से कटावनिरोधी कार्य हुआ था, फिर भी लखनपुर हाटकोला गाँव का कुछ भाग कटाव से नहीं बचा एवं महानन्दा नदी अब गाँव से करीब 10 मीटर दूर रह गयी है तथा बड़ा लखनपुर के ओबीदुर के घर से युसुफ के घर तक कटावनिरोधी कार्य नहीं होने से सारे गाँव के कट जाने की आंशका है, यदि हाँ, तो सरकार वहाँ कटावनिरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तटबंध की मरम्मती

*1631. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, बिहारशरीफ (नालन्दा) के अधीन हरनौत प्रखंड के ग्राम पंचायत चौरिया में पंचाने नदी का पश्चिमी तटबंध बाबा पोखर से ग्राम-भाथा के पूरब होते हुये भथियार ग्राम तक जर्जर है, जिससे हजारों एकड़ फसल क्षतिग्रस्त हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पंचाने नदी के पश्चिमी तटबंध की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1632. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बारसोई में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य सड़क से उक्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तक 300 मीटर, पहुँच पथ (सड़क) नहीं है जिसके कारण कर्मचारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों को मुख्य सड़क से संस्थान पहुँचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, खासकर बरसात के मौसम में उक्त 300 मीटर रास्ते पर पानी भरा रहता है, जिससे आवागमन में असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्य सड़क से उक्त संस्थान तक 300 मीटर, पहुँच पथ सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन की मरम्मती

*1633. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ० जा०))--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत गुठनी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण में वर्ष 2015 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण, भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016 में उक्त भवन को स्वास्थ्य विभाग को हैन्ड ओभर करते समय से ही लेबर रूम के छत से पानी लीकेज कर रहा था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन के निर्माण की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करते हुये उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आँशिक रूप से स्वीकारात्मक । यह भवन बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा बनाया गया है जो भवन निर्माण विभाग का उपक्रम है ।

(2) भवन में पाई गयी कतिपय त्रुटियों का निराकरण करा दिया गया था ।

(3) अस्वीकारात्मक । खण्ड (2) में निहित उत्तर के आलोक में आवश्यकता नहीं है।

---

पुलिया का निर्माण

*1634. श्री रामवृक्ष सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत अलौली प्रखंड के गौड़ाचक पंचायत अन्तर्गत बुचाय टोल में बागमती नदी पर पुलिया नहीं रहने से ग्रामीणों को जिला, प्रखंड एवं पंचायत मुख्यालय जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल को पुन: चालू करना

*1635. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिऔंव (अ०जा०))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिऔंव प्रखंड के डिलियाँ से रतनाढ़, बेरथ, धमनियाँ होते हुये जैतपुर तक जाने वाली नहर से हजारों किसान लाभान्वित होते थे, किन्तु उस पर पानी की सुगमता के लिये लगे हरियाणा ट्यूबवेल वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ट्यूबवेल को पुन: चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल चालू कराना

*1636. श्री प्रहलाद यादव (क्षेत्र संख्या-167 सूर्यगढ़ा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के मोकामा स्थित राजेन्द्र पुल एवं मुंगेर जिला के गंगा नदी पर स्थित पुल उत्तरी एवं दक्षिणी बिहार को जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजेन्द्र पुल (मोकामा) पर पिछले वर्ष से बड़े वाहनों का आवागमन बंद है और मुंगेर गंगा पुल का पहुँच पथ नहीं बनने के कारण वाहनों का आवागमन बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजेन्द्र पुल मोकामा एवं मुंगेर गंगा पुल के पहुँच पथ का निर्माण कराकर बड़े वाहनों के आवागमन चालू करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि पटना जिला के मोकामा स्थित राजेन्द्र पुल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत है। इस पुल में आई खराबी की मरम्मती हेतु रेलवे से प्राक्कलन प्राप्त हुआ है। प्राक्कलन की समीक्षा एवं स्वीकृति हेतु उच्चाधिकारी को भेजा गया है। प्राक्कलन की स्वीकृति प्राप्त होते ही स्वीकृति राशि रेलवे को मरम्मती कार्य प्रारम्भ करने हेतु भेज दी जायेगी ।

रेल-सह-सड़क पुल मुंगेर घाट (एन०एच० 333बी) परियोजना का निर्माण कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य दिसम्बर, 2021 है ।

---

सड़क की मरम्मती

*1637. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखण्ड नानपुर, गोढ़ार चौक से विरौली तक की सड़क तीन प्रखण्ड यथा बाजपट्टी, नानपुर, पुपरी तक जाने हेतु मुख्य सड़क जर्जर है तथा वर्षात के दिनों में बाढ़ के पानी से अवरुद्ध हो जाता है जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

एप्रोच सड़क का निर्माण

*1638. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अंतर्गत रहीमपुर पंचायत में दुर्गापुर के पास नवनिर्मित पुल का एप्रोच सड़क का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त एप्रोच सड़क का निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

बोल्डर पीचिंग का कार्य कराना

*1639. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा प्रखंड में सुरसर नदी के तटबंध पर बभनगाँवा-बिंदटोली एवं अरार-डफरा गाँव अवस्थित है, जो हमेशा नदी के कटाव से प्रभावित होता रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के किनारे कटावनिरोधी कार्य दो वर्ष पूर्व से लगातार हो रहा है, लेकिन प्रत्येक वर्ष कटाव हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुरसर नदी के तटबंध पर बभनगाँवा-बिंदटोली एवं अरार-डफरा गाँव के पास कटाव रोकने हेतु बोल्डर पीचिंग का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सम्पर्क पथ एवं पुल का निर्माण

*1640. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम प्रखण्ड के गौड़ा मानसिंह पंचायत के रहि टोला एवं चतरा के बीच पुल एवं संपर्क पथ नहीं रहने के कारण आम लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार रहि टोला एवं चतरा के बीच सम्पर्क पथ एवं पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1641. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखण्ड के बिरौल रामनगर पी0 डब्लू0 डी0 सड़क से रजवा, गियारी, गनौनी होते हुए कमला बलान पश्चिमी तटबंध अखतवाड़ा तक की सड़क जर्जर है, जिसके कारण जन समुदाय को आवागमन में कठिनाइयाँ हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल संचय करना

*1642. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के वारिसलीगंज प्रखंड के अपसढ़ गाँव में एक 100 एकड़ का ऐतिहासिक तालाब है, जिसकी खुदाई विगत वर्ष लघु जल संसाधन विभाग द्वारा की गई है, यदि हाँ, तो इलाके का जल स्तर बनाए रखने हेतु सरकार कबतक उक्त तालाब में गंगा जल संचय का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । प्रश्नगत तालाब का जीर्णोद्धार कार्य लघु जल संसाधन विभाग द्वारा कराया गया है। इस तालाब का रकबा 56.21 एकड़ है ।

प्रश्नगत तालाब में गंगा जल संचयन का प्रस्ताव लघु जल संसाधन विभाग के अधीन नहीं है ।

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1643. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान सभा क्षेत्र के दौलतपुर बोरिंग से बड़हरा भाया मानिकपुर-लौंगबाबा मठिया-चातर तक तथा लौंगबाबा से मठियापुर तक पथ जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोनों पथों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

ओवर ब्रिज का निर्माण

*1644. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2019 में केंद्र सरकार के रेलवे विभाग एवं बिहार सकार के बीच समझौते में राज्य में रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा कराया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समझौते के आलोक में दरभंगा को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण पंडासराय गुमटी नं0-18 एंव चट्टी चौक गुमटी नं0-23 पर कराने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, परंतु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस संबंध में अभीतक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि बिहार सरकार एवं रेलवे के बीच 50 % -50 % cost share के आधार पर आर0 ओ0 बी0 एवं पहुँच पथ दोनों के निर्माण हेतु किए गए आपसी समझौता (MOU) के मद्देनजर दरभंगा जिला मुख्यालय से पंडासराय गुमटी नं0-18 एवं चट्टी चौक गुमटी नं0-21 पर रेलवे ऊपरी पुल (आर0 ओ0 बी0) निर्माण हेतु रेलवे द्वारा GAD (General Arrangement Drawing) अनुमोदित कर दिया गया है। प्राक्कलन की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। प्रशासनिक स्वीकृति के आधार पर निविदा कर अगले वित्तीय वर्ष 2021-22 में कार्य प्रारम्भ करने का लक्ष्य है ।

अतिक्रमण मुक्त कराकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*1645. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत खूरी नदी से नवादा नगर के मध्य से गुजरने वाली बारहगैनिया पईन खराट तक जाती है, जिसका अतिक्रमण होने से पानी का बहाव विगत पन्द्रह वर्षों से बंद है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का पुनर्निर्माण

*1646. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित पटना गद्दी चौक, भाया शहीद चौक से वाटरवेज चौक तक एवं मिश्रीलाल चौक तीन मुहानी भाया नेपाली गुमटी से पटना गद्दी चौक तक की सड़क जीर्ण-शीर्ण हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़क जर्जर रहने के कारण आवागमन में 50 हजार से अधिक आबादी को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़कों का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह कि सड़क का निर्माण कार्य विश्व बैंक सम्पोषित योजना के तहत कराया जा रहा है । उक्त कार्य जयनगर से नरहिया तक Rehabilitation and upgradation to 2 lane/2 lane with Paved Shoulders configuration and strengthening of Section of NH-104 (Package No.-SP/C/1, Group-C) Lot-III from K.M 156.50 to 219.945 के अन्तर्गत कराया जा रहा है । मिश्रीलाल चौक तीन मुहानी भाया नेपाली गुमटी से पटना गद्दी चौक तक एवं पटना, गद्दी चौक भाया शहीद चौक से वाटरवेज चौक Left Out Portion है एवं इसके बदले जयनगर बाइपास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है ।

उक्त पथांश (Left Out Portion) में मरम्मती कार्य प्रारंभ कर दिया गया है एवं इस वित्तीय वर्ष तक कार्य समाप्त करने का लक्ष्य है. ।

--------

पुल का निर्माण

*1647. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के राज बथना ग्राम पंचायत के महेंद्र राय के घर के नजदीक तथा लोहरगाँवा से सिसवा पटना पथ में रचवा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1648. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बखरी प्रखंड अन्तर्गत मृत चन्द्रभागा नदी पर निसहरा एवं बभाईन तथा सकरपुरा एवं बैरवा महादलित गाँव के बीच पुल नहीं रहने के कारण लोगों को प्रखंड एवं अनुमंडल मुख्यालय आने में लम्बी दूरी तय करना पड़ता है, जिससे लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्यूबवेल स्थापित कराना

*1649. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के धरहरा एवं जमालपुर प्रखंड में कृषकों के खेतों की सिंचाई कार्य के लिये स्टेट ट्यूबवेल नहीं रहने से कृषि कार्य प्रभावित होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाहा चौकी, पड़इम एवं अन्य स्थानों में स्टेट ट्यूबवेल स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आंशिक स्वीकारात्मक । मुंगेर जिला के धरहरा प्रखंड में आठ राजकीय नलकूप हैं । इनमें से एक नलकूप चालू है तथा 7 नलकूप पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित है, जो कम जलस्राव के कारण उपयोगी नहीं रहने के कारण असफल है ।

जमालपुर प्रखंड में 2 नलकूप है, जिनमें एक नलकूप चालू है तथा एक नलकूप ईंट, पत्थर से भरा होने के कारण बंद है । बंद नलकूप का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है ।

वर्तमान समय में विभाग द्वारा नया नलकूप लगाने की कोई योजना नहीं है ।

--------

पुल का निर्माण

*1650. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत शेरघाटी प्रखंड के पलकिया से वाजितपुर (पंचायत कलवन) के बीच मोरहर नदी पर पुल नहीं है जिससे प्रखंड की आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1651. श्री अवध बिहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत बड़हरिया प्रखंड के औराई दाहा नदी पर बना स्लूईस गेट 10 वर्षों से जर्जर होने के कारण दाहा नदी का पानी ओराई चवर में प्रवाहित होता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जर्जर स्लूईस गेट का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*1652. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत ओबरा प्रखंड स्थित शंकरपुर एन0एच0 139 से अनुग्रह नारायण रोड, रेलवे स्टेशन तक जानेवाली सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर रहने से आमजन को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कटावनिरोधक कार्य कराना

*1653. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सबौर के मीराचक से लेकर फरका, इंगलिश, चायचक, शंकरपुर प्राथमिक विद्यालय, इंगलिश गंगा नदी के कटाव से विलीन हो गये हैं तथा कटाव अभी भी जारी है, यदि हाँ, तो सरकार बरसात से पूर्व कटावनिरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोन्नति देना

*1654. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जल संसाधन विभाग में कार्यरत 70 कनीय अभियंता ए0एम0आई0सी0ई0 डिग्रीधारक हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त डिग्रीधारक कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति जल संसाधन विभाग में नहीं दी गई है जबकि उसी डिग्रीधारक कनीय अभियंताओं की प्रोन्नति ग्रामीण कार्य विभाग में मई, 2018 में ही दे दी गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जल संसाधन विभाग में कार्यरत उक्त डिग्रीधारक कनीय अभियंताओं को प्रोन्नति देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मुआवजा राशि का भुगतान

*1655. श्री महबूब आलम (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बारसोई प्रखंड के गांजन गाँव में महानंदा नदी पर वर्ष 2015 में तथा बरारी प्रखंड के मरगियां में वर्ष 2007 में पुल बनकर तैयार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पुल के निर्माण हेतु किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था, परंतु उन्हें अबतक जमीन के मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत दोनों पुलों एवं दोनों पुलों के पहुँच पथ का कार्य पूर्ण है एवं वाहनों का आवागमन चालू है ।

पहुँच पथ से भू-अर्जन की प्रक्रिया सतत् लीज के तहत प्रक्रिया की गयी थी परन्तु जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित दर पर रैयत भुगतान लेने को तैयार नहीं हुये एवं अधिक दर की माँग किया गया ।

इस आलोक में जिला प्रशासन से स्थायी भू-अर्जन हेतु प्रक्रिया की जा रही है तथा स्थायी भू-अर्जन के उपरान्त रैयतों के भुगतान की कार्रवाई किये जाने का लक्ष्य है ।

--------

वीयर का निर्माण

*1656. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत विष्णुपुर पंचायत के हनुमाननगर होकर धिरहा नदी प्रवाहित होती है, जिससे बारहों मास पानी रहता है किन्तु वीयर का निर्माण नहीं होने से किसानों को खेती में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक हनुमाननगर गाँव होकर प्रवाहित होने वाली धिरहा नदी पर वीयर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--आँशिक स्वीकारात्मक । प्रश्नाधीन नदी एक बरसाती नदी है जिसमें मात्र वर्षा ऋतु में ही पानी रहता है । अन्य ऋतुओं में यह नदी सुखी रहती है । हनुमाननगर में अवस्थित राजकीय नलकूप विशनपुर II से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ।

नदी बरसाती है । इस नदी में बरसात के बाद पानी नहीं रहता है । उक्त कारण से नदी पर वीयर निर्माण करना लाभकारी नहीं होगा ।

वैसे प्रश्नगत योजना के कमाण्ड क्षेत्र में निजी नलकूप तथा राजकीय नलकूप से सिंचाई हो रही है ।

--------

उड़ाही करना

*1657. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के कलर सीमा से दुर्गापुर होते हुये सरवरपुर तक पईन की उड़ाही नहीं होने से आस-पास के सैकड़ों एकड़ जमीन जलमग्न हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन की उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1658. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत काको प्रखंड के ग्राम-निसापुर से चिलौरी ग्राम के तीन मुहानी तक एवं ग्राम-जलालपुर से बढ़ौना ग्राम के शीतला स्थान तक की सड़क का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नदी की सफाई

*1659. डॉ0 सत्येन्द्र यादव (क्षेत्र संख्या-114 मांझी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड मांझी एवं जलालपुर होकर तेल नदी गुजरती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी में मिट्टी भर जाने के कारण बाढ़ के दिनों में बाँध टूट जाता है और जल-जीवन प्रभावित होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी की सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

लाभ देना

*1660. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2010 से पूर्व इंदिरा आवास का आवंटन प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति/जन-जाति एवं अतिपिछड़ा वर्ग के लोगों को अधूरा मकान को पूर्ण करने हेतु 50,000 देने का प्रावधान किया गया है, किन्तु पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लाभुक के लिये ऐसा प्रावधान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के लोगों को भी उक्त लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--अंशतः स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि 1 अप्रील, 2010 के पूर्व इंदिरा आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु सहायता राशि प्राप्त करने के पश्चात् कतिपय आवास अधूरे/अपूर्ण हैं । यह समस्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लाभुकों में आर्थिक रूप से कमजोर रहने के कारण ज्यादा है । इन वर्गों के परिवारों के अधूरे/अपूर्ण इंदिरा आवास को पूर्ण कराने के लिये "मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना" प्रारंभ की गई है । इस योजना के तहत 50,000 (पचास हजार) रुपये की सहायता राशि दो किस्तों में उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है । योजनान्तर्गत योग्य लाभुकों के चयन की कार्रवाई की जा रही है ।

उपर्युक्त वर्णित कोटि के परिवारों के अपूर्ण आवासों को पूर्ण कराने के उपरान्त पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने पर विचार किया जायेगा ।

--------

वास भूमि उपलब्ध कराना

*1661. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत अंचल नवगछिया में अवस्थित कोसी नदी से बरसात के समय 1987 से हर वर्ष कटाव हो जाता है, जिससे वहाँ के महादलित परिवारों का आठ घर हर साल बरसात के दिनों में बेघर हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त महादलित टोला को किसी अन्य स्थान पर कबतक बसाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

घाट पर सीढ़ी का निर्माण

*1662. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला अन्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी पर स्थित सीढ़ी घाट एवं संसारपुर घाट पर सीढ़ी नहीं होने से हमेशा दुर्घटनाएँ होने की आशंका बनी रहती है तथा छठ पर्व आदि में भी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त घाटों पर सीढ़ी बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण

*1663. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष जनवरी, 2019 में केन्द्र सरकार के रेलवे विभाग एवं बिहार सरकार के बीच हुये समझौते के तहत राज्य में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण पथ निर्माण विभाग, बिहार द्वारा कराया जाना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समझौते के आलोक में दरभंगा शहर को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु वेला गुमटी नम्बर 1 तथा दिल्ली मोड़ गुमटी नम्बर 2 पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी परंतु दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस संबंध में अभीतक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दरभंगा शहर में उक्त स्थानों पर स्वीकृत रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि बिहार सरकार एवं रेलवे के बीच 50 प्रतिशत-50प्रतिशत cost share के आधार पर आर0 ओ0 बी0 एवं पहुँच पथ दोनों के निर्माण हेतु किये गये आपसी समझौता (MOU) के मद्देनजर दरभंगा जिला मुख्यालय से वेला गुमटी नम्बर 1 तथा दिल्ली मोड़ गुमटी नम्बर 2 SPL पर रेलवे ऊपरी पुल (आर0 ओ0 बी0) निर्माण हेतु रेलवे द्वारा GAD (General Arrangement Drawing) अनुमोदित कर दिया गया है । प्राक्कलन की स्वीकृति प्रक्रियाधीन है । प्रशासनिक स्वीकृति के आधार पर निविदा कर अगले वित्तीय वर्ष 2021-22 में कार्य प्रारंभ करने का लक्ष्य है ।

--------

पथ का पुनर्निर्माण करना

*1664. डॉ0 रामानन्द यादव (क्षेत्र संख्या-185 फतुहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा प्रखंड के भगवानपुर एवं पटना सदर प्रखंड के मिर्जापुर ग्राम में पुनपुन नदी पर पुल निर्माण हेतु 14 करोड़ की राशि ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा स्वीकृत कर बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को भेज दी गई, परन्तु मुआवजा की माँग के कारण उक्त पुल का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है, अतएव फतुहा प्रखंड के रुकुनपुर एवं पटना सदर प्रखंड के हीरान्दपुर ग्राम में पुनपुन नदी पर पुल का निर्माण कराने की अनुशंसा प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को की गई थी, लेकिन अभीतक पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, जबकि उक्त स्थल के दोनों किनारे पथ बना हुआ है, साथ ही जमीन भी उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार परिवर्तित स्थल पर उक्त पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*1665. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड के ग्राम पीरू में सिंचाई के लिये उपलब्ध एक मात्र आहर की जल निकासी फाटक खराब हो जाने के कारण पाँच वर्षों से सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खराब फाटक को बदलवाकर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*1666. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखंड के उच्च विद्यालय, मुसापुर के पास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से पासवान टोला, सोतापर होते हुए महेशपुर के पास प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के मिलने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ उड़ाही और पक्कीकरण

*1667. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के घोषी प्रखंड के साहो विगहा स्थित प्राथमिक विद्यालय, भखरा से उत्तर गोरईया स्थान से गडेरी विगहा, मुडला विगहा होते फरितपूरा पईन पर फरिदपूरा के असामाजिक लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पईन को खेत बना दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराने के साथ उसकी उड़ाही और पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई

*1668. डॉ0 सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के बिहारशरीफ शहर में जिला पंचायत संसाधन केंद्र निर्माण हेतु पंचायती राज विभाग के पत्रांक 4859, दिनांक 21 अगस्त, 2020 द्वारा स्थायी समिति वित्त अंकेक्षण तथा योजना समिति की बैठक की सूचना के साथ निविदाकर्ता के निविदा निष्पादन की सूचना दी गई ;

(2) क्या यह बात सही है कि दमास सिविल क0 इण्डिया प्रा0 लि0 तथा सौरभ कन्स्ट्रक्सन पावापुरी, नालंदा को तकनीकी बीड में सफल घोषित किया गया, इस बीच सौरभ कन्स्ट्रक्सन के प्रोपराइटर की मृत्यु हो गई किन्तु उनका फर्जी सहमति पत्र लगाकर दमास सिविल क0 प्रा0 लि0 को उक्त कार्य का ठेका दे दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में नियम विरुद्ध इस एकल निविदा को निरस्त करने तथा फर्जीवाड़ा के लिए दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पार्क निर्माण

*1669. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र के जिहुली पंचायत के जिहुली शिव मंदिर के पास पोखरा और शिव मंदिर है तथा श्रद्धालु पोखरा के अगल-बगल घूमते है, परन्तु पार्क नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि मनरेगा के तहत उक्त मंदिर के पास अवस्थित पोखर परिसर का विकास एवं वृक्षारोपण का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है ।

वित्तीय वर्ष 2021-2022 के ग्राम पंचायत राज-जिहुली के मनरेगा वार्षिक कार्य योजना में इसे शामिल कर लिया गया है । प्राथमिकता के आधार पर पोखर परिसर का विकास एवं वृक्षारोपण का कार्य कराया जाएगा ।

पुल का निर्माण

*1670. श्री भारत भूषण मंडल (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के लौकही प्रखण्ड के धबही गांव से हनुमाननगर में विहुल नदी पर पुल के अभाव में फुलपरास एवं लौकही प्रखण्ड के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला का निर्माण

*1671. श्री रितलाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के जमालुद्दीन चक स्थित नवरतनपुर गाँव में महादलित बस्ती से चक्रदाहा मोड़ तक नाला नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस क्षेत्र में नाला नहीं होने के कारण बस्ती के लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर प्रवाहित होता है जो कीचड़ का रूप ले लेता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस्ती से जल निकासी हेतु नाला का निर्माण आगामी बरसात के पूर्व कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1672. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड के पियारी पंचायत अंतर्गत मजगाँव वार्ड नं0-1 के आर0 ई0 ओ0 रोड, मजगाँव में कोशीघाट पर पुल नहीं रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पुल मजगाँव मोहन दुकानदार के घर से रामपुर फोरलेन रोड तक पथ के आरेखन पर अवस्थित है । उक्त पथ सहित पुल निर्माण शीर्ष मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजनान्तर्गत स्वीकृति उपरांत निविदा आमंत्रित की जा चुकी है । निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है । तदोपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

औचित्य बतलाना

*1673. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावाँ)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विगत 8 वर्षों से एक ही प्रखंड में पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसी भी कर्मचारी एवं पदाधिकारी को एक स्थान पर तीन वर्षों से अधिक समय तक नहीं रहने का प्रावधान हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को एक ही प्रखंड में 8 वर्षों तक पदस्थापित रखने का क्या औचित्य है ?

------------

पुल का निर्माण

*1674. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के इटाढ़ी प्रखण्ड अन्तर्गत इटाढ़ी, सिकटौना, बिझौरा रोड में सिकटौना के पास ठोरा नदी पर पुल नहीं है, जिसके कारण आम जनता को आने-जाने में काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ठोरा नदी पर सिकटौना के पास पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*1675. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता विधान सभा क्षेत्र के गोगरी प्रखण्ड अन्तर्गत देवठा बजरंगबली स्थान से देवठा ग्राम, नवटोलिया होते पहाड़पुर तक जानेवाली सड़क एवं परबत्ता प्रखण्ड के माधवपुर ढाला से विष्णुपुर शिव मंदिर तक जानेवाली 3 किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1676. श्री अवध विहारी चौधरी (क्षेत्र संख्या-105 सीवान)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत बड़हरिया प्रखंड के औराई चवर में 10 वर्षों से जल-जमाव होने के कारण हजारों एकड़ में कृषि फसल प्रतिवर्ष बर्बाद हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चवर को जल-जमाव से मुक्त करने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1677. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बेलसंड प्रखंड के बसौल ग्राम के पास विगत दस वर्ष पूर्व पुल का निर्माण किया जा चुका है, परन्तु सम्पर्क पथ का निर्माण अबतक नहीं कराये जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सम्पर्क सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1678. श्री ऋषि कुमार (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत दाऊदनगर अनुमंडल से भाया संसा होते हुये हसपुरा जानेवाली सड़क विगत 10 वर्षों से जर्जर रहने के कारण आमजन को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पथ जिसकी कुल लम्बाई 14.40 कि०मी० है, वर्तमान में वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में पथ सम्पर्कता (RCPLWEA) योजनान्तर्गत चयनित है। प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्राक्कलन भारत सरकार (NRRDA) में समर्पित है। स्वीकृति के उपरान्त अग्रतर कार्रवाई की जायेगी ।

---

स्लूईस गेट का निर्माण

*1679. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लखनौर प्रखंड के ग्राम-बेलही में कमला बलान नदी के बायें तटबंध पर पुराना स्लूईस गेट ध्वस्त होने से सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक किसानों को सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु ध्वस्त स्लूईस गेट से 2 कि०मी० पूरब नये स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1680. श्री इजहारूल हुसैन (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत पोठिया प्रखण्ड के दामलबाड़ी पंचायत के दामलबाड़ी कब्रिस्तान से डुमरमनी तक सड़क कच्ची होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1681. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत बनमा इटहारी प्रखंड के तेलिया हाट से खुरेशान होते हुये मुरली गाँव तक जानेवाली मुख्य सड़क विगत पाँच वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण बरसात के दिनों में सड़क पर पानी लग जाता है, जिससे आमजनों को पैदल आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी हेतु कार्य योजना बनाना

*1682. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के मढ़ौरा प्रखंड अन्तर्गत ताल पुराना सहित पूरे जिला में लगभग 27,000 हजार हक्टेयर जमीन में से लगभग चार हजार हेक्टेयर जमीन पर सालों भर पानी जमा रहता है, जिससे खेतों में उपज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भूमि से जल निकासी के लिये कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1683. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के प्रखण्ड मदनपुर में मदनपुर देव पथ से बादम रोड तक 3.370 कि०मी० लम्बी सड़क का निर्माण कार्य प्रा० राशि 247.129 लाख से करायी जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रा० राशि के अनुसार कार्य नहीं होने के कारण निर्माण काल के दौरान सड़क टूटना शुरू हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराते हुये दोषी एजेंसी और पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी कराना

*1684. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत सिंघिया बिल से बथना गाँव के उत्तर और बगुलागढ़ से दक्षिण सालोंभर महानन्दा का पानी भरे रहने से रैयतों की हजारों एकड़ जमीन में फसल की बुआई नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पईन का जीर्णोद्धार

*1685. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कल्याणपुर में बनवीरवां से महारानी बैरिया, तेनुआ होते हुये सरियतपुर तक जाने वाली पईन का जीर्णोद्धार

कार्य नहीं होने के कारण पईन से निकटवर्ती किसानों को पटवन के साथ सरेही पानी निकासी में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पथ का निर्माण

*1686. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के धिराविगहा गाँव में स्थित बजरंगबली के मंदिर से मोगलविगहा गाँव तक एवं यमुनापुर के तहवल विगहा (खुनीघाट) तक पथ का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### पुल का निर्माण

*1687. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के तारडीह प्रखण्ड अन्तर्गत ठेंगहा पंचायत के भेरियाराही गाँव के निकट कमला नदी में पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भेरियाराही गाँव कमला नदी के दोनों तरफ से जुड़ा हुआ है एवं ग्रामीणों के आवागमन का कोई अन्य साधन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भेरियाराही ग्राम के निकट कमला नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### कटाव से रोक थाम हेतु कार्रवाई

*1688. श्री निरंजन राय (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखंड के चाँदपुरा, सुगाई पट्टी एवं अन्य गाँव में कृषि योग्य भूमि एवं आमलोगों के घर का बागमती नदी से कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक गाँव में कटाव से रोकथाम हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

### सड़क का निर्माण

*1689. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड अन्तर्गत शाहपुर महावीर स्थान से बलीयारी गाँव क अंतिम छोर तक सड़क का निर्माण नहीं होने से उक्त क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नहर का विस्तार

*1690. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले के काशीचक प्रखंड का इलाका सिंचाई विहीन है जबकि कचना, कदहर, नाटा नदी से एक नहर विरनामा, काशीचक तक गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर को काशीचक प्रखंड के सुभानपुर एवं चंडीनोवाँ पंचायत तक खुदाई कर बढ़ाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*1691. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के घनश्यामपुर प्रखंड अन्तर्गत लगमा जानेवाली मुख्य सड़क से भाया ब्रह्मस्थान रही टोला तक सड़क नहीं रहने के कारण आमजनों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन को अतिक्रमण मुक्त कराना

*1692. श्रीमती विभा देवी (क्षेत्र संख्या-237 नवादा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत बारहगैया पईन, ग्राम-भटविगहा, कहुआरा सिधौल, केना, भलुआ तर से होते हुये गिरिमक के पंचाने नदी में मिलता है, जिससे भटविगहा एवं भालुआतर के पास पईन का अतिक्रमित होने से किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पईन को अतिक्रमण मुक्त कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1693. श्री युसुफ सलाहउद्दीन (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के खचुरी पंचायत के भगवानपुर होते हुये काठो पंचायत के सतरस पुल के बीच कैरी बाँध पर स्लूईस गेट नहीं है, जिससे पटवन के अभाव में किसानों का हजारों एकड़ में लगी फसल प्रत्येक वर्ष बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बाँध पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास दिलाना

*1694. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कल्याणपुर में शम्भूचक पंचायत के हीरा, छपरा, नन्हकार, बड़का, मुशहर टोला (महादलित) एवं शम्भूचक, पूरवारी, मुशहर टोली (महादलित बस्ती) में क्रमश: 22 एवं 52 की संख्या में 25 वर्ष पूर्व विभिन्न आवास योजना मद से समूहों में आवास का निर्माण कार्य कराया गया था, जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे उसमें आवासित महादलित परिवारों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बस्तियों में कलस्टर घर के स्थान पर नये आवास इकाइयों की स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाढ़ निरोधक कार्य करना

*1695. श्री शाहनवाज (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में फरसाडांगी वार्ड नम्बर 1 सतबीय उत्तर टोला, मटियारी दक्षिण आदि में बकरा नदी पर बाढ़ निरोधक कार्य नहीं कराये जाने के कारण प्रतिवर्ष बाढ़ में सैकड़ों एकड़ में लगे किसानों के फसल नष्ट हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर बाढ़ निरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई की सुविधा प्रदान कराना

*1696. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत जिरादेई प्रखंड के पुखरेड़ा ग्राम के उत्तर-पूरब खेतों की सिंचाई का कोई साधन नहीं है, जिससे खेतों की समुचित सिंचाई नहीं होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों में सिंचाई सुविधा पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

माईनर का जीर्णोद्धार

*1697. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखंड अन्तर्गत परता बीयर बाँध से कझपा माईनर जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त माईनर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*1698. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के पीरपैंती प्रखंड में अवस्थित बरसाती नदी मैनी है जो पहाड़ों से उतरने वाली पानी के साथ गंगा में जाकर मिलती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के किनारे हजारों एकड़ भूमि कृषि योग्य है तथा उक्त नदी राजगाँव अराजी, परसबन्ना, कित्तनियाँ गाँव के घाट पर मिलती है, परन्तु स्लूईस गेट नहीं होने से पानी का सिंचाई में उपयोग नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बरसाती पानी को संचित करने हेतु उक्त नदी में राजगाँव अराजी के पास स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

तल/गाद की सफाई

*1699. श्री राजू कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-98 साहेबगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सरोत्तर चौड़ से विद्यापति नगर समस्तीपुर तक जाने वाली बायां नदी का तल एवं गाद की सफाई नहीं होने के वजह से बरसात के दिनों में नदी का पानी बाढ़ का रूप ले लेती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी के तल/गाद की सफाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*1700. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2000 से 2010 तक गोपालगंज जिला के बरौली और मांझा प्रखण्डों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़क आलापुर से मिश्रवलिया, शेखपरसा-अहिरवलिया-लोहखरा होते हुए ग्राम-विशंभरपुर पी0 डब्ल्यू0 डी0 सड़क तक तथा ग्राम-अहिरवलिया के ग्राम-सनाह, तेलिया बांध होते हुए शाहपुर मोड़ तक जाने वाली सड़क बाढ़ और बरसात के कारण बिल्कुल ध्वस्त हो गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकर उपर्युक्त दोनों सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1701. श्री भूदेव चौधरी (क्षेत्र संख्या-160 धौरैया (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत रजौन प्रखंड के बामन कोरामा गाँव एवं भदवा गाँव के पास राजदांड़ नदी पर पुल नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों स्थानों पर पुल का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यों की जाँच करवाना

*1702. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत संवेदक साई कंस्ट्रक्शन मिर्जापुर नवादा के द्वारा सिसवा से सकरा गाँव होते बस्ती बिगहा तक कराये गये पथ निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं किया गया है, जिससे निर्माण काल में ही सड़क टूट रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संवेदक के द्वारा कराये गये उक्त कार्य की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ में संवेदक साई कंस्ट्रक्शन, मीठापुर, पटना के द्वारा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में पथ के कुछ पथांशों में चौड़ीकरण में जी0 एस0 बी0 का कार्य प्रारम्भ किया गया है, जो गुणवत्ता युक्त एवं प्राक्कलन के अनुरूप है। चौड़ीकरण का कार्य प्रगति में है । चौड़ीकरण कार्य के पश्चात् पथ क्रस्ट को Scrap कर मजबूतीकरण का कार्य किया जायेगा । अंचल स्तर उड़नदस्ता से पथ की जाँच करने हेतु निदेशित किया गया है।

सड़क का निर्माण

*1703. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला में मुरलीगंज प्रखंड अन्तर्गत भतखोड़ा बाजार एन0 एच0 107 से रामसिंह टोला, चामगढ़, परमानंदपुर होते बरियाही तक तथा रहटा से अरनमा जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य विगत 10 (दस) वर्षों से अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

जीर्णोद्धार एवं उड़ाही कराना

*1704. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ प्रखंड के घोड़ाघाट नहर में सगाही से लेकर परैया प्रखंड के कसठा तक 20 वर्ष पूर्व उड़ाही का कार्य कराया गया था परंतु समय-समय पर उड़ाही नहीं होने से पानी खेतों तक समुचित रूप से नहीं पहुँच पाता है, जिससे किसानों को सिंचाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर नहर का जीर्णोद्धार एवं उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ की मरम्मती

*1705. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत वलिदाद से परासी कामता होते चन्दा के रास्ते बेलसार तक की सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित पथ की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1706. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड में शहजादपुर पंचायत के लोगों को नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय या थाना जाने के लिए नाथनगर प्रखण्ड, भागलपुर शहर, गोपालपुर विधान सभा, खरीक प्रखण्ड एवं बिहपुर प्रखण्ड पार करते हुए 75 किलो मीटर दूरी तय कर जाना पड़ता है जबकि शहजादपुर पंचायत नाथनगर प्रखण्ड से मात्र 6 किलो मीटर दूर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक शहजादपुर पंचायत को नाथनगर प्रखण्ड में जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1707. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत प्रखण्ड नरपतगंज के पंचायत बड़हरा के ग्राम-बड़हरा एवं जीवछपुर के बीच सूरसर नदी पर पुल नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित स्थल पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*1708. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखंड के बरही गाँव के रामनाथ साह के दुकान से लेकर फरदाही गाँव तक की सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 1.5 कि०मी० है। रामनाथ साह के दुकान ग्राम-बरही में अवस्थित है, जिसे एम०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत नहर के निकट दुलीपट्टी से बरही विकलांग चौक निर्मित पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं ग्राम-फरदाही को शीर्ष एम०एम०जी०एस०वाई० (विश्व बैंक) एन०एच० 105 के निकट जामुन गाछी के बगल से दुल्लीपट्टी शीलानाथ निर्माणाधीन पथ से सम्पर्कता प्राप्त हो जायेगी । इस पथ पर कोई अन्य योग्य बसावट नहीं रहने के कारण राज्य के किसी भी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं है। अतः पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

------------

ध्वस्त पुलिया का निर्माण एवं सड़क का पक्कीकरण

*1709. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत नवहट्टा प्रखंड के ग्राम-नवला में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के अन्तर्गत दो वर्ष पूर्व ग्राम-चम्पापुर, लालपुर से नवला तक पथ का निर्माण कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त पथ में पड़ने वाले दो पुलिया वर्ष 2020 की बाढ़ में ध्वस्त हो गया है, जिसके कारण ग्रामीणों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चम्पापुर, लालपुर से नवला तक के बीच में ध्वस्त पुलिया का निर्माण कराते हुये जर्जर सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

औचित्य बतलाना

*1710. श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 5 फरवरी, 2021 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''दस वर्षों में नहीं बनी बात, छः लेन सड़क का काम बंद करने की तैयारी'' के आलोक में क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में वाराणसी से औरंगाबाद के बीच 192 कि०मी० एन०एच० 2 को 6 लेन में बदलने का कार्य एन०एच०ए०आई० के द्वारा शुरू किया गया था, परंतु कैमूर जिला में 40 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण अभीतक नहीं होने के कारण एन०एच०ए०आई० ने 56 कि०मी० सड़क का निर्माण कार्य छोड़ने का निर्णय लिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जमीन मुआवजे के लिये 433.56 करोड़ रुपया आवंटित है जिसमें से 191.5 करोड़ रुपया खर्च किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मुआवजा राशि का आवंटन होने के बाद भी उक्त महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण नहीं होने का क्या औचित्य है ?

प्रभारी मंत्री--(1) (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं०2 के वाराणसी-औरंगाबाद पथांश (लम्बाई 192 कि०मी०) में छ: लेन चौड़ीकरण का कार्य भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कराया जा रहा है। कार्य सितम्बर, 2011 में प्रारम्भ किया गया था जिसे अप्रैल, 2017 तक पूर्ण करना था। छ: लेन चौड़ीकरण के लिये वांछित भूमि का अधिग्रहण पूर्ण नहीं होने के कारण 56 कि०मी० सड़क में चौड़ीकरण का कार्य छोड़ने का निर्णय लिया गया था।

जिला प्रशासन के सहयोग से भूमि अधिग्रहण तथा संरचनाओं को हटाने का कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसे 31 मार्च, 2021 तक पूर्ण करने का लक्ष्य है।

कैमूर जिला में आर०ओ०डब्लू० के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी संरचनाओं को हटाया जा रहा है। कैमूर जिले में भू-अधिग्रहण से संबंधित कुल राशि 4 अरब 33 करोड़ 56 लाख अबतक आवंटित किया गया है, जिसमें से 201.5 करोड़ रुपये भू-स्वामियों को वितरित किया गया है।

एन०एच०ए०आई० मुख्यालय द्वारा 56 कि०मी० के Descoping को हटाने पर विचार किया जा रहा है। भू-अधिग्रहण तथा आर०ओ०डब्लू० में पड़ने वाले संरचनाओं को हटाने के पश्चात् 6 लेन चौड़ीकरण का कार्य प्रारम्भ करने की अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

---

पथ का जीर्णोद्धार

*1711. श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-193 बड़हरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बड़हरा विधान सभा क्षेत्र के कोईवलर, विशुनपुरा (डुमरिया) से ज्ञानपुर फोरलेन (वायाँ बीरमपुर) तक का पथ अत्यंत जर्जर है, जिसके कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कटावरोधक कार्य करवाना

*1712. श्री सैयद रूकनुद्दीन अहमद (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बायसी विधान सभा के गोटफर एवं बैरिया गाँव में नदी से कटाव हो रहा है, जिससे प्रत्येक वर्ष हजारों एकड़ जमीन नदी में समा जाता है तथा सैकड़ों परिवारों को विस्थापित होना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव के पास कटावरोधक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1713. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पुनपुन प्रखंडान्तर्गत बेहरावाँ पंचायत में मंझौली पीपल के पेड़ से चामुचक गाँव (चामुचक घाट) तक जाने वाली सड़क कच्ची एवं जर्जर स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चामुचक गाँव महादलितों की बस्ती है जिनके आने-जाने का यह एकमात्र मुख्य रास्ता है, जिसके कच्ची एवं जर्जर रहने से बरसात के दिनों में छात्र-छात्राओं को स्कूल आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*1714. श्री चन्द्रहास चौपाल (क्षेत्र संख्या-72 सिंहेश्वर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर प्रखंड अन्तर्गत इटहरी-गटमनी पंचायत में वार्ड नम्बर 10 एवं वार्ड नम्बर 11 में रोड नम्बर 4 से एक डरहा तुलसी बारी सीमा तक पक्की सड़क नहीं होने के कारण आमलोगों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का कालीकरण

*1715. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी समाहरणालय से होते हुये सीतामढ़ी इंजीनियरिंग कॉलेज को जोड़ने वाली सड़क से जुड़ी सड़क का कालीकरण नहीं किया गया है, जिसके कारण तीन पंचायतों एवं डुमरा प्रखंड से पूरब तरफ के पाँच प्रखंडों के लोगों को आवागमन में काफी असुविधा होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त वर्णित सड़क का कालीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

ओवर ब्रिज का निर्माण

*1716. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड मुख्यालय के समीप एन0 एच0 28 के कोल्ड स्टोरेज चौराहा पर जाम लगने के कारण हमेशा सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर का निर्माण

*1717. श्रीमती वीणा सिंह (क्षेत्र संख्या-129 महनार)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखंड अन्तर्गत पीरापुर पंचायत के दिग्घा चौर में सालों भर पानी जमा रहने से हजारों एकड़ फसल का नुकसान हो रहा हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चौर में नहर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

दोषियों पर कार्रवाई

*1718. डॉ0 रामानन्द यादव (क्षेत्र संख्या-185 फतुहा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फतुहा विधान सभा क्षेत्र में प्रखंड-फतुहा के अलावलपुर तथा सम्पतचक प्रखंड के दरिआपुर वेलवाड़ा पंचायत एवं अन्य पंचायतों में मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल और गली-नली पक्कीकरण योजना में बड़े पैमाने पर अनियमियतता हुई हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना में गड़बड़ी के संबंध में मेरे द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार को पत्र लिखने के बाद उक्त योजना की जाँच एवं कार्रवाई हेतु मुख्यमंत्री सचिवालय के पत्रांक 5543843, दिनांक 30 दिसम्बर, 2020 द्वारा अपर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को पत्र भेज दिया गया है, लेकिन अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पक्की सड़क का निर्माण

*1719. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के बेतौना यात्री शेड के पास एन0एच0 327 ई से दक्षिण की ओर बेतौना, महसैली, डोरयारे, रेहुआ, हरपुर होते हुये रजोखर-मिर्जापुर हाट पक्की सड़क में मिलने वाली नहर से बेतौना तथा वर्णित गाँवों के लोग नहर तट होकर मिर्जापुर हाट तक पहुँचने का लघु मार्ग के रूप में उपयोग करते हैं, जो अबतक कच्ची है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर तट पर पक्की सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ के आरेखन पर अवस्थित बसावट यथा रेहुआ, बेतौना को शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित एल0 43 खरहट से रेहुआ पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं महसैली, हरपुर, डोरयारे को शीर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत निर्मित गिदवास से हरपुर पथ से सम्पर्कता प्राप्त है । इसके अतिरिक्त प्रश्नाधीन पथ के आरेखन में कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी भी कोर-नेटवर्क में शामिल नहीं किया गया है । इसके निर्माण का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

--------

योजना को कार्यान्वित करना

*1720. श्रीमती किरण देवी (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश विधान सभा क्षेत्र में संदेश पम्प नहर योजना को वर्ष 2017 में स्वीकृति प्रदान की गयी थी, किन्तु नहर का निर्माण नहीं होने से किसानों को कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक संदेश पम्प नहर योजना को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार कराना

*1721. श्री विनय कुमार (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के गुरूआ विधान सभा क्षेत्र के मेडिकल कपस्या रोड से फुरफरिया, मियाँ बिगहा, बछेड़िया उसेवा होते हुये बैजूधाम मोड़ तक जानेवाली सड़क (लम्बाई 10.00 किलो मीटर) विगत 5 वर्षों से मरम्मती के अभाव में जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन में ग्रामीण जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1722. श्री रितलाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के बेली रोड नहर से कोथवाँ जानेवाली मुख्य सड़क में मुकेश कुमार के मकान तक की सड़क कच्ची है, जिसके कारण वहाँ बसे लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं बरसात के दिनों में उक्त मार्ग पर जल-जमाव की समस्या रहने के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1723. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकड़ (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के राजापाकड़ एवं देसरी प्रखंड कार्यालय अपने भवन के अभाव में कृषि भवन में चल रहे हैं, जिसके कारण जनहित के कामों में बाधा हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों प्रखंड कार्यालयों का क्रमशः राजापाकड़ एवं देसरी में भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*1724. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के खुदागंज से मीना बाजार तथा गवसपुर से मदुद ग्राम तक ग्रामीण सड़क का निर्माण विगत 30 वर्ष पूर्व कराया गया है, जिसके भू-दाताओं द्वारा अब सड़क का अतिक्रमण कर लिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त पथ को अतिक्रमणमुक्त कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1725. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत हसपुरा प्रखंड के ग्राम पंचायत पीरू के अन्तर्गत एक करहा है जो ग्राम पीरू, बेलाविगहा एवं पांडेयबाग मठिया तक जाता है, जिसमें मठिया के पास पुल टूट जाने के कारण विगत पाँच वर्षों से दो सौ हेक्टेयर में सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर करहा में पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*1726. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखंड में पी0डब्लू0डी0 रोड सालमारी से उन्नासो पंचगाछी तक एवं पी0डब्लू0डी0 रोड बेल्लौरी सोनैली पथ से बसंतपुर तक की सड़क वर्ष 2017 से जर्जर है, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नहरों का पक्कीकरण

*1727. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के राजपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत सोन नहर पर कौवा खोच पुल से नागपुर खिरी तक 10 किलो मीटर एवं गंगा पम्प कैनाल में 15 किलो मीटर मनोहर पुल से मनीया छतुपुर तक नहर का पक्कीकरण नहीं किया गया है, जिससे आम जनता को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहरों का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*1728. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के हरसिद्धि प्रखंड अन्तर्गत गायघाट नहर पुल से वैद्यनाथ ठाकुर के घर होते हुये दनई चुल्हाई राम के घर तक की कच्ची सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1729. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-5 लौरिया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला के लौरिया प्रखंड स्थित पथ निर्माण विभाग की एक मात्र सड़क मटईरिया, गोबरौरा साठी पथ है, जिसपर हमेशा यातायात दाब रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 10 किलो मीटर लम्बी उक्त सड़क की चौड़ाई मात्र पौने तीन मीटर रहने एवं सड़क के किनारे पक्के नाले का निर्माण नहीं कराये जाने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क के किनारे पक्का नाला का निर्माण तथा सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि विषयांकित पथ की लम्बाई 9.3 किलो मीटर एवं चौड़ाई 3.05 मीटर है तथा पथ के 9वें किलो मीटर में 400 मीटर लम्बाई में नाला निर्माण कराया गया है ।

वर्तमान में विषयांकित पथ का संधारण OPRMC-02/01 A के अन्तर्गत किया जा रहा है एवं पथ की स्थिति ठीक है ।

यातायात घनत्व एवं संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर चौड़ीकरण कार्य पर विचार किया जायेगा ।

सड़क का निर्माण

*1730. श्री चन्द्र शेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के धैलाद प्रखंड अन्तर्गत भरतरंधा चौक से चित्ती लक्ष्मिनियां नयानगर जाने वाली 2.15 कि0मी0 की सड़क, जो चित्ती पंचायत के बनिलाल टोला, चौधरी टोला को जोड़ती है, उसके निर्माण कार्य पूर्ण कराने की तिथि से चार वर्ष उपरांत भी अबतक अपूर्ण है, यदि हाँ, तो सरकार जनहित में उक्त सड़क के निर्माण कार्य को पूर्ण कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

बांध का सुदृढ़ीकरण एवं गार्ड वाल का निर्माण

*1731. श्री सिद्धार्थ पटेल (क्षेत्र संख्या-125 वैशाली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत सरैया प्रखंड के राजारामपुर ग्राम में झाझा नदी पर बने बांध के टूटने के कारण वैशाली जिलान्तर्गत पटेढ़ी बेलसर प्रखंड के साइन, सोरहरथा, मिश्रौलिया, नगमा आदि पंचायत बाढ़ प्रभावित हो गये थे, जिससे हजारों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो गया एवं पुल-पुलिया बह गये, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बांध का सुदृढ़ीकरण करने के साथ-साथ पुल से सटे चार सौ (400) फीट तक गार्ड वाल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराना

*1732. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत फुलवरिया प्रखंड के ग्राम-फुलवरिया (यादव टोला) से उचका गाँव जाने वाली सड़क में खाता नं0 218, खेसरा नं0 940 सरकारी जमीन है, जिस पर श्री सुदामा प्रसाद यादव, पिता-श्री सनई यादव एवं श्री हीरालाल यादव, पिता-श्री रामलोचन यादव द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिसके कारण आवागमन में लोगों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिक्रमण मुक्त कराते हुए नाला निर्माण

*1733. श्री राम विशुन सिंह (क्षेत्र संख्या-197 जगदीशपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारी प्रखंड के चांगर मोड़ से रामकृष्णा नगर थाना होते हुए राधेकृष्ण मंदिर तक की सड़क के किनारे विगत छः माह पूर्व से नाला का निर्माण कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के किनारे श्री मुकुल कुमार सिन्हा एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा सड़क की जमीन अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस कारण उक्त स्थान पर नाला का निर्माण कराये बगैर उससे आगे बढ़कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

खाड़ की सफाई कर जल निकासी

*1734. श्री अमरजीत कुशवाहा (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत नौतन प्रखंड के ग्राम-नरकटिया, सागरा सेमरिया के बीच चवर से सगरा सिकुअरा अहीर टोली अमर मिश्र के घर के पास से होते हुए जल निकासी हेतु खाड़ है जो लवदा नदी में गिरती है, किन्तु खाड़ जाम होने के कारण जल-जमाव से फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खाड़ की सफाई कर जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1735. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के संतकबीर महाविद्यालय से मोहनपुर तक जाने वाली ग्रामीण सड़क यातायात की दृष्टि से जनोपयोगी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के निर्माण नहीं होने से आमजनों को यातायात में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) स्वीकारात्मक है ।

(3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ की लम्बाई 1.2 कि0 मी0 है, जो ईंटीकृत है। बसावट मोहनपुर की सम्पर्कता प्रदान करने हेतु पथ का सर्वेक्षण छूटे हुए बसावट के अन्तर्गत कर लिया गया है, जिसे पूरक राज्य कोर-नेटवर्क में शामिल करने की कार्रवाई की जा रही है। तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी ।

---

पुल का निर्माण

*1736. श्री गुंजेश्वर साह (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड के बीर गाँव पंचायत के मोहनपुर गाँव के वार्ड नं0-04 कोसी बाँध से पश्चिम पपिआही नदी पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को काफी लम्बी दूरी तय कर जिला मुख्यालय आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पपिआही नदी बलान पर लोहे के पुल का निर्माण कराकर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*1737. श्री ललन कुमार (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के बाराहाट से प्यालापुर, सरकण्डा होते हुए मथुरा सिमानपुर तक जाने वाली 25 कि0 मी0 सड़क की स्थिति जर्जर है, जबकि यह सड़क बाइपास एवं झारखण्ड से जोड़ने वाली एकमात्र मार्ग है, जिसके जर्जर होने के कारण आवागमन में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1738. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभागीय पत्रांक मु०अ० 4 विविध कार्य 23-72/16-3284, दिनांक 30 जुलाई, 2019 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, हिलसा, नालन्दा से हिलसा प्रखण्ड के नवगढ़ एवं कुसेता के बीच लोकायन नदी एवं भटबिगहा-घोषी के बीच महतमायन नदी में पुल निर्माण हेतु चेक लिस्ट माँगा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य प्रमण्डल, हिलसा के कार्यपालक अभियंता द्वारा विभाग को चेकलिस्ट उपलब्ध कराने के बाद भी पुल निर्माण का प्राक्कलन एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों पुल निर्माण का प्राक्कलन बनाने एवं प्रशासनिक स्वीकृति देते हुये विलम्ब के लिये दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का चौड़ीकरण

*1739. श्री मोहम्मद कामरान (क्षेत्र संख्या-238 गोविन्दपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत एन०एच० 31 फतेहपुर मोड़ से ककोलत तक जाने वाली 17 किलोमीटर की सड़क संकीर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सैलानी एवं पर्यटकों को ककोलत जलप्रपात आने-जाने के क्रम में संकीर्ण रास्ता एवं जीर्ण शीर्ण सड़क रहने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क को पर्यटन के दृष्टिकोण से चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1), (2) एवं (3) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत पथ एन०एच० 31 फतेहपुर मोड़ से ककोलत तक जानेवाली 17 कि०मी० सड़क में फतेहपुर मोड़ से थाली मोड़ तक जिसकी कुल लम्बाई लगभग 12 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.75 मी० है, पथ प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत है एवं थाली मोड़ से ककोलत पथ की कुल लम्बाई लगभग 5 कि०मी० एवं चौड़ाई 3.75 मी० है, जो ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रजौली के अधीन है।

पथ प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत पड़ने वाले पथांश का पथ परत की स्थिति ठीक है एवं पथ की चौड़ाई 3.75 मी० है।

पथ प्रमंडल, नवादा अन्तर्गत उक्त पथांश एन०एच० 31 फतेहपुर से थाली मोड़ (कुल लम्बाई लगभग 12 कि०मी०) जो मंझवे-नरहट-फतेहपुर-अकबरपुर-थाली मोड़-गोविन्दपुर पथ (कुल लम्बाई 45.37 कि०मी०) का भाग है, का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु BSRDCL, राजगीर द्वारा डी०पी०आर० तैयार किया जा रहा है ।

---

नलकूपों का निर्माण

*1740. श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला अन्तर्गत बक्सर प्रखण्ड के नदाव एवं जगदीशपुर गाँव में पटवन हेतु कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में नलकूपों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1741. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हरनौत के चांडी प्रखण्ड अन्तर्गत गोखुलपुर एवं सतनग के बीच तथा चंडी बस स्टैंड एवं भगवानपुर के बीच मुहाने नदी पर निर्मित दोनों RCC पुल संकीर्ण तथा जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण बड़ी गाड़ियों का आवागमन नहीं होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों संकीर्ण एवं जर्जर RCC पुल को तोड़कर उसके स्थान पर नये RCC पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्यालय सरकारी भवन में संचालित करना

*1742. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका का कार्यालय निजी भवन में किराया पर संचालित किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2013-14 में ही ग्रामीण कार्य प्रमण्डल ढाका 2 को कार्य प्रमंडल पकड़ीदयाल में परिवर्तित किया गया है, तथा वर्तमान में ढाका 2 का कार्यालय परिसर पूर्णत: खाली रहने पर भी ग्रामीण कार्य प्रमंडल, ढाका का संचालन निजी मकान में किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कार्य प्रमण्डल ढाका का कार्यालय सरकारी भवन में कबतक संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, ढाका का कार्यालय अप्रैल, 1984 से ही निजी भवन में किराया पर संचालित है।

पथ प्रमंडल ढाका को सरकार की अधिसूचना से ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, ढाका 2 में परिवर्तित किया गया एवं वर्ष 2012 में ग्रामीण कार्य विभाग के पुनर्गठन के फलस्वरूप कार्य प्रमंडल, ढाका 2 को कार्य प्रमंडल, पकड़ीदयाल में परिवर्तित किया गया, जिसका कार्यालय वर्तमान में पकड़ीदयाल में संचालित है। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, ढाका 2 के परिसर में पूर्व के पथ प्रमंडल का यंत्र-संयत्र उपस्कर इत्यादि मौजूद है। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, ढाका का कार्यालय निजी मकान में संचालित है, जिसका किराया का भुगतान 2011 से बाकी है तथा मकान मालिक के वर्धित किराया के विरुद्ध जिला पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के न्यायालय में अपीलवाद दायर है, जो प्रक्रियाधीन है। तदनुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

(3) उपर्युक्त खण्डों के उत्तर में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

-----------

कच्ची सड़क का पक्कीकरण

*1743. श्री शमीम अहमद (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के बनकटवा प्रखंड अन्तर्गत पंचायत झझरा के सत्यनारायण पंडित की दुकान से घोघिया मस्जिद तक 2 कि०मी० कच्ची सड़क है जिसके कारण वर्षात के दिनों में ग्रामीण जनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) आंशिक स्वीकारात्मक है ।

(2) वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 2.0 कि०मी० है। इस पथ के एक छोर पर अवस्थित झझरा ग्राम को पी०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत निर्मित घोड़ासहन बनकटवा रोड से जितना पथ से सम्पर्कता प्राप्त है एवं दूसरे छोर पर अवस्थित घोघिया बसावट को एम०एम०जी०एस०वाई० अन्तर्गत निर्मित भठिनिया भातु टोला रोड से घोघिया बिन्द टोला पथ से सम्पर्कता प्राप्त है। इस पथ के आरेखन में अन्य कोई योग्य बसावट नहीं रहने के कारण इसे किसी कोर-नेटवर्क में सम्मिलित नहीं किया गया है।

अतः पथ निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

---

गाद की सफाई-सह-छिलका का निर्माण

*1744. श्री मेवालाल चौधरी (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखण्डान्तर्गत बिरजपुर ग्राम के पास महाने नदी में छिलका का निर्माण नहीं होने एवं गाद की सफाई नहीं होने के कारण टेटिया बम्बर तथा संग्रामपुर प्रखण्ड के 500 एकड़ जमीन असिंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर महाने नदी की गाद की सफाई सहित छिलका का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री--(1) एवं (2) स्वीकारात्मक है । योजना का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जायेगा । सर्वेक्षणोपरान्त योजना तकनीकी दृष्टिकोण से सम्भाव्य (Feasible) पाये जाने पर इसका रूपांकण कराकर एवं डी०पी०आर० तैयार कराकर निधि उपलब्धता के आधार पर निर्माण कार्य कराने की कार्रवाई की जायेगी ।

---

मरम्मती कराना

*1745. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-128 राघोपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड के रूस्तमपुर एवं गुडावनपुर सहित अन्य स्थानों में गंगा नदी से कटाव रोकने हेतु विभिन्न स्थलों पर जियो बैग लगाया गया था, किन्तु पुनः मरम्मती कार्य नहीं होने के कारण सभी स्थलों पर फिर से कटाव होने से खेती योग्य भूमि सहित कई घर गंगा में समा चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पूर्व में हुये कटावनिरोधी कार्यों में मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पटना :
दिनांक 10 मार्च, 2021 (ई०)।

राज कुमार सिंह,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु० - 125 (एल०ए०), 2020-21 डी०टी०पी० -550